# प्रतिकृति

**GRIZZLY**
**COLLEGE OF EDUCATION**

(A PRIMARY & SECONDARY LEVEL TEACHERS' TRAINING INSTITUTE)

Recognised by ERC, NCTE, Bhubaneshwar &
Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag & JAC Ranchi

## OUR VISION

- To develop socially competent, culturally accepted, nationally recognized, and educationally fitted with demands of global trends in the field of Teachers' Education.

## OUR MISSION

- To foster total development of personality.
- To provide integrated courses in teacher education, marked and defined by value-education, global outlook, and interdisciplinarity.

## OBJECTIVES:

- To prepare committed teachers for colleges in the state of Jharkhand and the country.
- To prepare highly skillful and effective teachers to teach in secondary and senior secondary schools.
- To foster an all around training i.e. .mental, physical, cultural, social, moral and spiritual through education system.
- To implement teachers' education that would provide education and training to prospective teachers that aims at development of teachers.
- To equip teachers with the competencies requisite for dealing with the issues of the choices and challenges of students.
- To introduce innovations in the education so as to reflect India's knowledge, robust intellectuality and inexhaustible creativity.
- To undertake, conduct and promote programs that will enhance the highest aims of pedagogy and synthesis of knowledge-systems and internationalism.
- To create a sensible and sensitive teacher accountable to students as well as society.

# प्रतिकृति

GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION

(A PRIMARY & SECONDARY LEVEL TEACHERS' TRAINING INSTITUTE)

Recognised by ERC, NCTE, Bhubaneshwar &
Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag & JAC Ranchi




डा० नीरा यादव, मंत्री
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
झारखण्ड, राँची

कार्यालय : एम. डी. आई. भवन
धुर्वा, राँची - 834004
फोन : 06551 - 2400716
06551 - 2400932
06551 - 2444800 (आ)
फैक्स : 06551 - 2400637


# संदेश

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन अपने पत्रिका प्रतिकृति का वार्षिकांक प्रकाशित करने जा रहा है, यह जानकर मुझे अपार प्रसन्नता हुई।

इस महाविद्यालय ने इलाके में शिक्षा का आदर्श प्रस्तुत करते हुए पूरे जिले ही नहीं बल्कि आस पास के इलाकों में अपनी अलग पहचान बनायी है। विश्वास है कि ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन अपने छात्र–छात्राओं के गुणों को, संस्कारों को, व्यक्तित्व को परिमार्जित कर भविष्य के उत्कृष्ट शिक्षक का निर्माण करता रहेगा। समय के साथ महाविद्यालय सफलता की उतरोत्तर सीढ़ियां चढ़ते हुए अपनी सुरभि से शिक्षा जगत को गौरवान्वित करता रहे तथा महाविद्यालय की पत्रिका प्रतिकृति के प्रकाशन तथा महाविद्यालय के उतरोत्तर सफलता के लिए बहुत बहुत शुभकामनायें!

8-10-18

(नीरा यादव)



**Prof. (Dr.) Ramesh Sharan**

Vice Chancellor

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
(NAAC 'B++' Accredited University)
Hazaribag - 825 301
Phone No.- (O) 06546 - 264279/261938
(R) 06546 - 264066/262342
(M) 9431325536

# Message

I am happy to know that "Grizzly College of Education, Koderma" is bringing out the third edition of the College magazine 'PRATIKRITI' for the year 2017-18.

One cannot think of enhancing quality of education without good quality motivated teachers. It is a matter of great pleasures that the Grizzly Colleges of Education is preparing high quality teachers. It is important to note that the teachers for the 21' century should have the ability to ensure cognitive and effective development of the students and create in them a value system which is a mixture of time tested values, nationalistic and secular traditions tinged with scientific temper. It is indeed an arduous task and cannot be done without high quality teacher-educators which is the need of the hour.

It is gratifying to note that Grizzly College of Education has undertaken to develop multifaceted skills among the trainee teachers as well as the teacher educators. The College magazine is a notable stride in showcasing their creative abilities, Multifarious activities and achievements.

My best wishes to the Principal, staff and students in all their endeavours.

(Ramesh Sharan)



Dr. (Mrs.) Kunul Kandir
Pro Vice Chancellor

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
(M.Sc., Ph.D, D.Sc., Ranchi University)
Hazaribag - 825 301
Phone No.- (O) 06546 - 264724
(R) 06546 - 262301
(M) 91-8292442678

# Message

It is a matter of great pleasure to know that Grizzly College of Education, Jhumritelaiya, Koderma is going to bring out the third edition of the College Magazine **"Pratikriti"**. Bringing out of magazine is the sign of vibrancy and intellectual height of the faculty members and students of the College. It will prove to be an archive which will serve as flower for the present and fruit for future.

Congratulating the entire College I wish the magazine all success.

Kandir
28.9.18
(Kunul Kandir)




Dr. B.P. Rukhaiyar

Registrar

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**

Hazaribag - 825 301

Phone No. V. C. - 264279 (O), 262342 (R)

P.V.C. - 264724 (O), 262301 (R)

Registrar - 270982 (O), 267272 (R)

C.E. - 263330 (O), 262387 (R)

F. O. : 270983 (O)


# Message

It is indeed my pleasure to learn that Grizzly College of Education is going to publish its annual magazine **'PRATIKRITT'**. Grizzly College of Education has been playing a leading role in the cause of teacher education in the area for the last 9 years.

The students do get an opportunity to show their creative talent through the annual magazine.

I firmly believe that the contents of the magazine will show the right direction to the younger generation in particular and the society at large.

I express my heartfelt congratulations to the Management, Principal, Teachers, Students and Staff on this occasion.




**(Banshidhar Prasad Rukhaiyar)**



डॉ. बीरेन्द्र कुमार गुप्ता
परीक्षा नियंत्रक

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**
Hazaribag - 825 301
फोन : Phone No. : V. C. - 264279 (O), 262342 (R)
P.V.C. - 264724 (O), 262301 (R)
Registrar - 270982 (O), 224357 (R)

# संदेश

बड़े हर्ष का विषय है कि ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, झुमरीतिलैया, कोडरमा अपनी वार्षिक पत्रिका 'प्रतिकृति' के अगले अंक के प्रकाशन के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ है। यह विशिष्ट कार्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राचार्या के कठिन परिश्रम, निष्ठा, आत्म विश्वास एवं अनुशासन से ही संभव है।

महाविद्यालय पत्रिका ही एक ऐसा स्रोत है जिसके द्वारा विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्यों का प्रस्फुटन एवं मूल्यांकन होता है साथ ही यह विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने में भी सहायक सिद्ध हो सकता है।

पत्रिका 'प्रतिकृति' के सफल प्रकाशन एवं महाविद्यालय के अग्रेतर प्रगति हेतु महाविद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ।

31.10.18

(बीरेन्द्र कुमार गुप्ता)



शिव नारायण साह
जिला शिक्षा पदाधिकारी

**कार्यालय**
**जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा**
समाहरणालय भवन, राँची–पटना रोड,
कोडरमा–825410, झारखण्ड
ई–मेल – kodermarmsa@gmail.com

# संदेश

मुझे यह जानकर अपार हर्ष की अनुभूति हुई कि ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अपनी वार्षिक पत्रिका 'प्रतिकृति' को प्रकाशित करने जा रहा है। यह महाविद्यालय प्रशिक्षु शिक्षकों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ उन्हें कर्मयोगी बनाने में भी सफल हुआ है।

अब शिक्षा व्यवस्था में शिक्षा की गुणवत्ता एवं उसकी उपादेयता बढ़ी है इस प्रशिक्षण संस्थान ने अध्ययनरत सभी प्रशिक्षुओं एवं छात्र–छात्राओं को सच्चरित्र, ईमानदार एवं कौशलयुक्त बनाया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि 'प्रतिकृति' पत्रिका बी0एड0 प्रशिक्षु, व्याख्याता प्राचार्य, बुद्धिजीवी वर्ग एवं शिक्षाविदों से प्राप्त ज्ञानत्मक विचारों से समस्त समाज अभिसिंचित होगा तथा पत्रिका का संवर्धन होगा।

मैं ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोडरमा के उत्तरोत्तर विकास के साथ–साथ 'प्रतिकृति' के सफल प्रकाशन की कामना करता हूँ।

Shiv 31/10/16

(शिव नारायण साह)

## The Directors



Avinash Kr. Seth



Manish Kapsime

**GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION**
Jhumritelaiya, Koderma (Jharkhand)
E-mail : grizzlycollege@gmail.com
Website : www.grizzlycollege.org

# Message

We are all proud that Grizzly College of Education has completed eight academic years and enriched the lives and lifestyles of more than a thousand students. We can humbly claim to have added to the professionalism of the teacher education field in these years and will continue to do so in the years ahead.

Annual Magazine is a place to keep your memories in one place. All students who have contributed towards bringing out Pratikriti deserve complements.

I take this opportunity to congratulate the principal Dr. Sanjeeta Kumari and her team of committed staff members for their commitment towards value based quality teaching and unstinted efforts put in to ensure that each student is cared for in the college.

I urge the Principal and staff to make continue your journey of success for the College a vibrant and happy place of learning.

(Avinash Seth)

(Manish Kapsime)





# From the Principal's Desk

Yesterday is history, tomorrow is mystery and today is a gift. It is my proud privilege to bring out the upcoming issue of 'Pratikriti' with a rising confidence index , heralding the break of new dawn which will certainly have a seminal influence on the mental well-being of the students and teachers hereof, who will garner rich and unfailing harvests of messages to the youth bringing back guts , characters and backbone into our nation posing the perfect space for budding leaders of tomorrow to pursue perfection.

I pledge today to put my best foot forward to organise the onward match of grizzly to a new high of pride and glory with a new dynamic of energy I shall try to blaze new trails. I shall ever act as a true steward to keep grizzly in good stead to realize new dreams, on the scaffold of my past experiences which I have gleaned and harvested with persistent and untiring zeal and zest with the blessings and cooperation of the esteemed Board of Directors and entire Grizzly fraternity that will shape the destiny of our institution hitherto undreamt of, with those energies, visions and values that constitute the indestructible core of this college, as they get structured into this magazine, and which under aesthetic heat yields their aroma. The reader will certainly feel that running whisper of the rising wave roll through the silence of his mind.

It is on these nascent considerations that I take to the task of discovering from the debris of Koderma a gem of gems, after laborious excavations and kicking the cloud of dust. Bringing a new perspective and in the process I hope to rediscover Grizzly college of Education, a nerve centre of futuristic agenda meticulously implemented and developed further towards overall academic excellence, towards exemplary performances more dedication and conviction.

Let us take it on and follow our gut- "heart within and God overhead". You and I together can make it work."Ham Honge Kamyaab."

***Jai Hind !***

Sanjeeta Kumari

**Dr. Sanjeeta Kumari**

# Editorial Board



# Editorial



I am delighted to place this issue of magazine at your hand. We have tried to explore various domains of creativity on the part of students as India is progressing leaps and bounds.

It is true no one is perfect but we always have room to improve. We need to be more open minded and curious to receive and learn new things/ ideas and apply them in our places of work, as we all know "Education has no end."

Creativity, efficiency and hard work should be our values. We should always bear in mind that we are aiming at producing critical thinkers and problem solvers. It's only through Education we can free our country from poverty, through education you can be whoever you wish to be in your life.

My special thanks go to Principal Ma'am Dr. Sanjeeta Kumari, all members of the editorial board especially Prof. C. N. Jha for their endless energy in making Pratikriti possible, thanks also go to those students and colleagues who have contributed reports and articles.

Wishing you all.

A good reading; greater understanding

Yours

**Mohit Kumar Tiwari**
Asstt. Professor

# TEACHING STAFF




Left to Right (Standing) : Prof. Saurabh Sharma, Prof. Uday Pratap Rao, Prof. Mohit Kumar Tiwari, Prof. Manish Kumar Paswan, Prof. Arvind Kumar, Prof. Ambrij Sarkar, Prof. Manish Kumar

Left to Right (Sitting) : Prof. Chandra Shekhar Nath Jha, Dr. Chaudhary Prem Prakash, Dr. Dharmendra Kumar, Prof. Binita Bandopadhyaya, Dr. Sanjeeta Kumari (Principal), Prof. Mridula Bhagat, Prof. Vageesh Dubey, Prof. Amit Kumar Das

## Non Teaching Staff - I




## Non Teaching Staff - II



# OUR GLORIOUS PAST







GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION
An ISO Certified B. Ed. College
Dist.- Koderma (Jharkhand)
E-mail : grizzlycollege@gmail.com, Website : www.grizzlycollege.org
Follow us on www.facebook.com/grizzlycollegeofeducation
Session – 2011-12


GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION
JHUMRI TELAIYA, DIST.- KODERMA (JHARKHAND)
www.grizzlycollege.org
SESSION : 2012-13


GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION
JHUMRI TELAIYA, DIST.- KODERMA (JHARKHAND)
www.grizzlycollege.org SESSION : 2013-14


GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION
P.O. Jhumri Telaiya - 825409, Dist. Koderma (Jharkhand)
Ph. : 7070098791, 7070098793
Web site : www.grizzlycollege.org E-mail : grizzlycollege@gmail.com
Session : 2014-15

# GRIZZLY College of Education

Near Satpulia, Gumo, Jhumri Telaiya,
Dist.- Koderma (Jharkhand)
www.grizzlycollege.org

Session : 2015-17 (B. Ed.)




GRIZZLY College of Education
Near Satpulia, Gumo, Jhumri Telaiya,
Dist.- Koderma (Jharkhand)
www.grizzlycollege.org
Session : 2016-18 (B. Ed.)
Grizzly College of Education

# Our Success

| Percentage | Session 2009-10 | Session 20010-11 | Session 2011-12 | Session 2012-13 | Session 2013-14 | Session 2014-15 | Session 2015-17 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60% - 74.99% | 92 | 27 | 3 | 2 | 87 | 32 | 74 |
| 75% - 79.99% | 8 | 63 | 61 | 42 | 13 | 50 | 16 |
| 80% - 100% | 0 | 9 | 36 | 55 | 0 | 17 | 6 |



## Selected Candidates of Campus Selection 2012 - 2018




**Total Selection = 815**

# LEGAL AWARENESS AMONG WOMEN

**Dr. Sanjeeta Kumari**
Principal
Grizzly College of Education

Rightly did Swami Vivekanand say, 'Just as a bird cannot fly with one wing only, a Nation cannot march forward if the women are left behind'. Men and women are the two holes of a perfect whole. Strength is borne of their union and their separation results in weakness. Each has what the other does not have. Each completes the other, and other completed by each. Etymologically, the word 'woman' means - half of man. The relation between the male and female is very well illustrated in our Nyaya Darshan by the analogy of mind and matter, which means that men and women are closely associated with each other, as the soul and body. Therefore, the women ought to be respected.

There is no doubt that we are in the midst of a great revolution in the history of women. The evidence is everywhere; the voice of women is increasingly heard in Parliament, courts and in the streets. While women in the West had to fight for over a century to get some of their basic rights, like the right to vote, and also the Constitution of India gave women equal rights with men from the beginning. Unfortunately, women in this country are mostly unaware of their rights because of illiteracy and the oppressive tradition. Names like Kalpana Chawla: The Indian born, who fought her way up into NASA and was the first women in space, and Indira Gandhi: The Iron Woman of India was the Prime Minister of the Nation, Beauty Queens like Aishwarya Rai and Sushmita Sen, and social worker like Mother Teresa are not representative of the condition of Indian women.

March 8th is The International Women's Day marks a call to action for accelerating gender disparity. A day specifically dedicated to celebrating the socio-economic, cultural and political achievements of women, this day calls for the global celebration of womanhood. Most of the developed countries of the world have witnessed a massive shift in both the attitudes and inherent thoughts about women's equality and emancipation. Women in the west are more secure, liberated and aware to fight the oppression or injustice at any given point of time.

However, in developing countries like ours, women are still struggling to get equal rights. It is very painful to witness that in 2018 when the world is moving towards economic and technological revolution, we are still struggling for equal rights. It is depressing to see that the women of India continue to be ill-treated, oppressed and exploited.

Crimes against women occur every minute in India. Women are not safe, whether it is in their houses, public places or at the workplace. A lot of reasons are there to discuss, why women do not know about their legal rights? But am I allowed to imagine a society where people are aware of their rights and responsibilities. It is crystal clear that a balanced society can only be established where a woman knows her rights and knows that she will be given her rights if anyone would try to exploit her for any reason. And the culprit knows that judiciary would not spare him if he harms a woman. The rights available to women in India can be classified into two categories, namely as **Constitutional Rights** and **Legal Rights**. The **Constitutional Rights** are those which are provided in the various provisions of the constitution. The **Legal Rights**, on the other hand, are those which are provided in the various laws (acts) of the Parliament and the State Legislatures.

**CONSTITUTIONAL RIGHTS TO WOMEN :**

The rights and safeguards enshrined in the constitution for women in India are listed below:

1. The state shall not discriminate against any citizen of India on the ground of sex [**Article 15(1)**].
2. The state is empowered to make any special provision for women. In other words, this provision enables the state to make affirmative discrimination in favor of women **[Article 15(3)]**.
3. No citizen shall be discriminated against or be ineligible for any employment or office under the state on the ground of sex **[Article 16(2)]**.

4. Traffic in human beings and forced labour are prohibited **[Article 23(1)]**.
5. The state to secure for men and women equally the right to an adequate means of livelihood **[Article 39(a)]**.
6. The state to secure equal pay for equal work for both Indian men and women **[Article 39(d)]**.
7. The state is required to ensure that the health and strength of women workers are not abused and that they are not forced by economic necessity to enter avocations unsuited to their strength **[Article 39(e)]**.
8. The state shall make provision for securing just and humane conditions of work and maternity relief **[Article 42]**.
9. It shall be the duty of every citizen of India to renounce practices derogatory to the dignity of women **[Article 51-A(e)]**.
10. One-third of the total number of seats to be filled by direct election in every Panchayat shall be reserved for women **[Article 243-D (3)]**.
11. One-third of the total number of offices of chairpersons in the Panchayats at each level shall be reserved for women **[Article 243-D(4)]**.
12. One-third of the total number of seats to be filled by direct election in every Municipality shall be reserved for women **[Article 243-T(3)]**.
13. The offices of chairpersons in the Municipalities shall be reserved for women in such manner as the State Legislature may provide **[Article 243-T (4)]**.

**LEGAL RIGHTS TO WOMEN :**

The following various legislations contain several rights and safeguards for women:

1. Protection of Women from Domestic Violence Act (2005) is a comprehensive legislation to protect women in India from all forms of domestic violence. It also covers women who have been/are in a relationship with the abuser and are subjected to violence of any kind- physical, sexual, mental, verbal or emotional.
2. Immoral Traffic (Prevention) Act (1956) is the premier legislation for prevention of trafficking for commercial sexual exploitation. In other words, it prevents trafficking in women and girls for the purpose of prostitution as an organised means of living.
3. Indecent Representation of Women (Prohibition) Act (1986) prohibits indecent representation of women through advertisements or in publications, writings, paintings, figures or in any other manner.
4. Commission of Sati (Prevention) Act (1987) provides for the more effective prevention of the commission of sati and its glorification on women.
5. Dowry Prohibition Act (1961) prohibits the giving or taking of dowry at or before or any time after the marriage from women.
6. Maternity Benefit Act (1961) regulates the employment of women in certain establishments for certain period before and after child-birth and provides for maternity benefit and certain other benefits.
7. Medical Termination of Pregnancy Act (1971) provides for the termination of certain pregnancies by registered medical practitioners on humanitarian and medical grounds.
8. Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostic Techniques (Prohibition of Sex Selection) Act (1994) prohibits sex selection before or after conception and prevents the misuse of pre-natal diagnostic techniques for sex determination leading to female feticide.
9. Equal Remuneration Act (1976) provides for payment of equal remuneration to both men and women workers for same work or work of a similar nature. It also prevents discrimination on the ground of sex, against women in recruitment and service conditions.

10. Dissolution of Muslim Marriages Act (1939) grants a Muslim wife the right to seek the dissolution of her marriage.
11. Muslim Women (Protection of Rights on Divorce) Act (1986)protects the rights of Muslim women who have been divorced by or have obtained divorce from their husbands.
12. Family Courts Act (1984) provides for the establishment of Family Courts for speedy settlement of family disputes.
13. Indian Penal Code (1860) contains provisions to protect Indian women from dowry death, rape, kidnapping, cruelty and other offences.
14. Code of Criminal Procedure (1973) has certain safeguards for women like obligation of a person to maintain his wife, arrest of woman by female police and so on.
15. Indian Christian Marriage Act (1872) contain provisions relating to marriage and divorce among the Christian community.
16. Legal Services Authorities Act (1987) provides for free legal services to Indian women.
17. Hindu Marriage Act (1955) introduced monogamy and allowed divorce on certain specified grounds. It provided equal rights to Indian man and woman in respect of marriage and divorce.
18. Hindu Succession Act (1956) recognizes the right of women to inherit parental property equally with men.
19. Minimum Wages Act (1948) does not allow discrimination between male and female workers or different minimum wages for them.
20. Mines Act (1952) and Factories Act (1948) prohibits the employment of women between 7 P.M. to 6 A.M. in mines and factories and provides for their safety and welfare.
21. The following other legislations also contain certain rights and safeguards for women:
    1. Employees' State Insurance Act (1948)
    2. Plantation Labour Act (1951)
    3. Bonded Labour System (Abolition) Act (1976)
    4. Legal Practitioners (Women) Act (1923)
    5. Indian Succession Act (1925)
    6. Indian Divorce Act (1869)
    7. Parsi Marriage and Divorce Act (1936)
    8. Special Marriage Act (1954)
    9. Foreign Marriage Act (1969)
    10. Indian Evidence Act (1872)
    11. Hindu Adoptions and Maintenance Act (1956).
22. National Commission for Women Act (1990) provided for the establishment of a National Commission for Women to study and monitor all matters relating to the constitutional and legal rights and safeguards of women.
23. Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal). Act (2013) provides protection to women from sexual harassment at all workplaces both in public and private sector, whether organised or unorganized.

It can be Concluded that according to the 2011 census, the sex ratio of India is 943. This means that population wise, for every 1,000 men in the country, there are 943 women. Hence, its only logical that the judicial system based on laws with make laws that would support the women of India in every possible way against injustice. The Indian judicial system being the world's largest, has many laws to sense this purpose.

**It is very important to make women aware of their rights as well as their legal authorities so they can use with the help of law. Knowledge, awareness and a little courage, can go a long way in protecting our rights as a woman.**

Ref:- 1. https://www.timesheadline.com/india/15814-15814html

2. http://www.legalservicesindia.com/article/1867/The-Socio-Economic-Status-of-Women-in-India-Ancient-to-Modern-Era.html

3. http://www .legalservicesindia.com/article/1697/Status-of-women-in-India.html

4. http://www.depilexsmileagain.com/blog/importance-of-legal-awareness-among-women-about-domestic-violence/

5. https://edugeneral.org/blog/ polity/women-rights-in-india/

6. To sensitize women and Girls about their Rights as provided under the various Laws including the Indian Penal Code, 1860.

7. The dowry Prohibition Act, 1961; the Prevention of Domestic Violence to Women Act, 2005.

# समावेशी शिक्षा : नीतिगत मुद्दे और चुनौतियाँ

**प्रो. चन्द्रशेखर नाथ झा**
सहायक प्राध्यापक

– ''समावेशी शिक्षा का विचार इस बढ़ती हुए मानसिकता की प्रतिक्रिया स्वरूप पैदा हुआ है कि सभी बच्चों को उनकी पृष्ठभूमि, उपलब्धि और अशक्तता को ध्यान में रखे बगैर अपने ही इलाके में एक समान शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।''

अन्तिम रिपोर्ट, World Education Forum,
UNESCO, DUCKAR, 2000

– ''समावेशी शिक्षा का मतलब सबको समाविष्ट करने से है।''

National Curriculum Framework, 2015

– ''समावेशी शिक्षा मुख्यधारा विद्यालयों में विशेष आवश्यकता प्राप्त बच्चों को उनके अन्य सहपाठियों के साथ शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया है।''

शिक्षा का मानक UK OFFICE, 2013

शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और इसी के बलबूते वह अपने जीवन की तमाम चुनौतियों से जूझने में समर्थ होता है। इस मार्ग में निःशक्त बच्चों को इसकी जरूरत शायद और भी महत्वपूर्ण मायने रखती है, ताकि वे अपनी विलक्षण प्रतिभाओं को शिक्षा के बल पर पूरा करते हुए अपना जीवन खुशनुमा, उत्पादक और उपयोगी बना सके। औपचारिक शिक्षा के अलावा निःशक्त बच्चों को और भी कई दूसरे मुद्दों जैसे– समाज का नजरिया, रोजगार के अवसरों की कमी और स्वास्थ्य जैसी गंभीर समस्याओं से भी काफी जूझना पड़ता है। ये मुद्दे देश–विदेश सहित संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर भी समय–समय पर उठाए जाते रहे हैं।

इस संदर्भ में 1990 के दशक में ''सलमान्का'' में हुए विश्व सम्मेलन के बाद **"Inclusion"** शिक्षा के क्षेत्र में एक जादुई शब्द बन गया है। जिसे भारत सरकार द्वारा निःशक्त जन विधेयक–1995 में लाया गया जिसके द्वारा समान अधिकार, अधिकार संरक्षण और पूर्ण सहभागिता के अंतर्गत ''समावेशी शिक्षा'' को समाज के सामान्य स्कूलों में क्रियान्वित करने का प्रावधान किया गया। साथ ही यह भी महसूस किया गया कि निःशक्त बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिये अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है।

इसके लिये जरूरी है – अपेक्षित वातावरण, सकारात्मक दृष्टिकोण, संवेदनशीलपरक व्यवहार, समुचित शिक्षण तकनीक, शिक्षण सामग्री और मित्रवत् आकलन की प्रक्रिया।

सामान्य अवधारणाएँ – NCF & 2005 ने ''समावेशी शिक्षा'' पर विस्तार से प्रकाश डाला है और इसे एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आवश्यकता के रूप में देखा है। शिक्षा के मानक UK OFFICE 2003 ने ''समावेशी'' को मुख्यधारा विद्यालयों में विशेष आवश्यकता प्राप्त बच्चों को उनके अन्य सहपाठियों के साथ शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया माना है। समावेशी शिक्षा सभी के लिये एक मानव अधिकार का मुद्दा है, यह एक अच्छी शिक्षा है और इससे एक अच्छी सामाजिक भावना पैदा होती है।

समावेशी शिक्षा सम्बन्धी अध्ययन केन्द्र, ब्रिस्टल ने निम्नलिखित दस कारण बताए हैं जिनकी वजह से समावेशी शिक्षा अपनाई जानी चाहिए :–

1. सभी बच्चों को एक साथ सीखने का अधिकार है।
2. बच्चों को उनकी अशक्तता अथवा अध्ययन कठिनाई के कारण अलग रखकर या बाहर भेजकर उनका मूल्य कम नहीं किया जाना चाहिए अथवा उनके विरूद्ध भेद नहीं किया जाना चाहिए।
3. अशक्त प्रौढ़ अपने आप को विशेष स्कूलों से निकले उत्तरजीवी बताते हुए पृथक्करण को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं।
4. बच्चों को उनकी शिक्षा के लिये अलग करने का कोई वैध कारण नहीं है, बच्चे एक साथ रहते हैं, प्रत्येक के लिये लाभों और फायदों के साथ। उन्हें एक दूसरे से संरक्षित करने की कोई जरूरत नहीं है।
5. अनुसंधान से पता चलता है कि बच्चे एकीकृत व्यवस्था में शैक्षणिक व सामाजिक रूप से बेहतर कार्य निष्पादन करते हैं।
6. एक अलग–थलग स्कूल में ऐसी कोई खास पढ़ाई अथवा देखभाल नहीं होती है, जो एक सामान्य स्कूल में नहीं हो सकती।
7. यदि प्रतिबद्धता और सहायता मिले तो समावेशी शिक्षा शैक्षणिक संसाधनों का एक अधिक कार्यकुशल उपयोग है।
8. पृथक्करण से बच्चों में भय, अज्ञान पैदा होता है तथा पूर्वाग्रहों को जन्म मिलता है।
9. सभी बच्चों को एक ऐसी शिक्षा की जरूरत है जिससे उन्हें खुद को विकसित करने में मदद मिले तथा जिन्हें जीवन की मुख्यधारा में लाने के लिये तैयार किया जा सके।
10. केवल समावेशन में ही भय को कम करने तथा मित्रता सम्मान व सूझबूझ का निर्माण करने की क्षमता है।

इस प्रकार समावेशी शिक्षा एक ओर मानव अधिकार का मुद्दा है तो दूसरी ओर बच्चों को एक संतुलित व्यक्तित्व में विकसित करने की कार्यनीति है, जो न केवल समाज में जीवित रहने के लिये बल्कि किसी असफलता के भय अथवा हीन ग्रंथि के बिना अन्यों के साथ प्रतियोगिता करने के लिये भी सक्षम है।

समावेशी शिक्षा से न केवल समन्याय, एकसमान अवसर, मानवाधिकार और स्वस्थ एवं सकारात्मक अभिवृत्तियों जैसे नैतिक मूल्य विकसित होते हैं बल्कि इससे वे सुदृढ़ भी होते हैं। इससे उन्हें जातिगत अथवा सामाजिक पूर्वाग्रहों से मुक्ति मिलती है। इस प्रकार जो छात्र अपने सहपाठियों की नकारात्मक अभिवृति के शिकार हैं, वे दुखदायी अनुभव से बच सकते हैं।

**''जिह्वा के दंश से पीड़ित व्यक्ति हमेशा अपने शोषक के शब्दों का दर्द ढ़ोता रहता है तथा वे शब्द सदा उसे मर्माहत करते रहते हैं उसके सर्वाधिक नाजुक अंगों में तीर की भाँति चुभते रहते हैं।''**

**विदुर नीति**

**भारत की वास्तविक स्थिति –**

यह सर्वविदित है कि विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा प्रणाली भारत में काम करती है और इससे लगभग 20 करोड़ से ज्यादा स्कूली बच्चे जुड़े हुए हैं। इन 20 करोड़ स्कूली बच्चों की उम्र 6–14 साल के बीच है और इन बच्चों की संख्या के 10 फीसदी को नियमित शिक्षा हासिल नहीं हो पाती। (NSSO-2002 और 2001 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार)

एक ओर जहाँ स्कूलों में बच्चों के दाखिले का राष्ट्रीय औसत 96 फीसदी है, वहीं पाँच फीसदी से भी कम निःशक्त बच्चों का स्कूलों में दाखिला हो पाता है। इतना ही नहीं, बल्कि इन निःशक्त बच्चों में से 40 फीसदी बच्चे मूलभूत शिक्षा के पाँच साल भी पूरे नहीं कर पाते और जबकि अन्य 20 फीसदी निःशक्त बच्चे संविधान द्वारा स्थापित निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के तीन साल भी पूरे नहीं कर पाते।

शिक्षा पर बनी हमारी राष्ट्रीय नीति के अनुसार हमारी राष्ट्रीय अवधारणा में शिक्षा अनिवार्य रूप से सबके लिये है। यह संवेदनशीलता और अवधारणाओं को परिष्कृत करती है, जिसकी राष्ट्रीय एकता बनाने, वैज्ञानिक अभिरूचियाँ विकसित करने और मन और आत्मा की मुक्ति में बड़ी भूमिका है। देश के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने निःशक्त जनों के लिये भी एक राष्ट्रीय नीति तैयार की है। जिसमें यह स्पष्ट है कि निःशक्त लोग भी हमारे मूल्यवान मानव संसाधन हैं और इसके तहत ऐसा माहौल तैयार किया जाए ताकि उन्हें समान अवसर उपलब्ध हो, उनके अधिकारों की रक्षा हो और समाज एवं समुदाय में उनकी सम्पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित किया जा सके। इस नीति में स्वाभाविक रूप से निःशक्त बच्चे भी शामिल हैं।

यद्यपि इन नीतियों के मिश्रित परिणाम हमारे सामने आए हैं किन्तु समावेशी शिक्षा को लागू करने में मनोवृत्ति, प्रशिक्षण का अभाव, संसाधन और प्रशासनिक ढ़ाँचा आदि बड़ी चुनौती बन कर उभरे हैं।

शैक्षिक विकल्प निःशक्त बच्चों के लिये कुछ इस प्रकार से भारत में उपलब्ध है –

**शिक्षा का प्रकार**



**समावेशी शिक्षा के लिये पहल और योजनाएँ :**

भारत सरकार ने ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड जैसे कई कार्यक्रमों का सूत्रपात किया है लेकिन उनमें से अधिकांश आधारभूत संरचना बालिका शिक्षा और अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रों की शिक्षा पर ज्यादा केन्द्रित है यद्यपि कुछ कार्यक्रम जैसे निःशक्त बच्चों के लिये समावेशी शिक्षा और जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम जैसे अन्य कार्यक्रमों की भी शुरूआत की गई है परन्तु इसमें सफलता अब तक कम ही मिली है।

यह स्पष्ट है कि सामाजिक न्याय और अधिकार मंत्रालय द्वारा निःशक्तता मामलों का एक नया विभाग ही बना दिया गया है, ताकि निःशक्त लोगों की समस्याओं पर ध्यान केन्द्रित कर उनका यथोचित समाधान निकाला जा सके। विभाग वर्तमान योजनाओं पर ध्यान देने, नयी योजनाओं का सूत्रपात और तकनीकी अनुसंधान में भी मदद करता है। हालाँकि इनके क्रियान्वयन में भी कई चुनौतियाँ हैं। एक दुखद सच्चाई यह भी है कि अभी भी कई स्कूल निःशक्त बच्चों के दाखिले से इनकार कर देते हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एक प्रमुख योजना सर्व शिक्षा अभियान ने यह लक्ष्य सुनिश्चित किया है कि 6–14 साल तक के निःशक्त सहित सभी बच्चों का आठ साल तक प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। कहने के लिये इस अभियान ने देश में काफी प्रगति की किन्तु अभी भी शिक्षा तक सबकी पहुँच और ग्रामीण इलाके के निःशक्त बच्चों की शिक्षा के लिये बुनियादी ढाँचा और वित्तीय संसाधन अभी भी चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं।

निःशक्त बच्चों के लिये समावेशी शिक्षा योजना के तहत 4–14 वर्ष के लिये निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान है। साथ ही भारत में बड़ी संख्या में गैर–सरकारी संगठन निःशक्तता के खिलाफ काम कर रहे हैं और सरकार ने इन गैर–सरकारी संगठनों के माध्यम से ढाँचागत सुविधाओं के क्रियान्वयन और शैक्षिक कार्यक्रमों में नवाचार के साथ समावेशी शिक्षा को जोड़ा है। सरकारी विद्यालयों के अलावा कुछ निजी विद्यालय भी समावेशी शिक्षा को स्वैच्छिक तरीके से बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन ऐसा केवल शहरों में ही देखा गया है। यह हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि समावेशी शिक्षा की आधारभूत परिकल्पना ही यही है कि समन्वित समूह के लोगों, चाहे वे सामान्य हो या निःशक्त सभी को समान अवसर दिए जाएँ ताकि वे अपनी–अपनी समस्याओं के साथ बिना किसी कठिनाई के अध्ययन कर सके।

**समावेशी शिक्षा का प्राथमिक लक्ष्य –**

समावेशी शिक्षा का प्राथमिक लक्ष्य यह है कि

– बच्चों को बिना किसी भेदभाव के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा दी जाए।

– बच्चों को समुचित और समृद्ध माहौल मिले।

– बच्चों में क्षमताएँ विकसित करने में मदद दी जाए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके।

– बच्चों में समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायता दी जाए।

**समावेशी शिक्षा के आवश्यक घटक :**

कक्षा में समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन में शिक्षक प्रशिक्षण और विद्यालय नेतृत्व एक प्रमुख आवश्यक घटक है। शिक्षकों के प्रशिक्षण में निःशक्तता पर एक पर्चा अवश्य होना चाहिए क्योंकि यह आवश्यक है कि शिक्षकों को निःशक्त बच्चों की विशिष्ट जरूरतों के प्रति अति संवेदनशील बनाया जाए और उन्हें निःशक्तता को पहचानने के प्रति सशक्त मानसिकता बनायी जाए। इसके लिये स्कूली पाठ्यक्रम में प्रभावी शैक्षिक सेवाओं, सहायक उपकरणों, उम्र के अनुरूप कक्षाएँ, बाधामुक्त माहौल, पड़ोस में स्कूल की उपलब्धता और भागीदारी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रावधान शामिल किए जाने चाहिए। इसके साथ ही निःशक्त बच्चों के अर्थपूर्ण समावेशन के लिये शिक्षकों को चाहिए कि वे कक्षाओं की परिस्थितियों के अनुरूप उचित कदम उठायें।

**समावेशी शिक्षा की चुनौतियाँ :**

समावेशी शिक्षा की धीमी गति का कारण वस्तुतः कई प्रकार की कठिनाइयों का होना है जैसे –

- मनोवृत्ति की बाधाएँ
- विद्यालय और कार्यस्थल पर प्रणाली में बदलाव का न होना और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी।
- नीतियों और कानूनों का निष्प्रभावी क्रियान्वयन।
- असंवेदनशीलता और जागरूकता की कमी।
- सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, धार्मिक और भाषाई विविधता के कारण कार्यक्रम विकास में अवरोध।
- तकनीकी रूप से उन्नत संसाधनों का अभाव।
- फण्ड की कमी, चिन्हित करने के तरीकों का अभाव और आँकड़ों के संग्रहण का अभाव।
- बाधा–मुक्त विद्यालय भवन बनाने में मात्रात्मक और गुणवत्तापूर्ण विकास की निगरानी और आकलन का अभाव।
- समावेशी शिक्षा के लिये एक जिम्मेदार क्रियान्वयन एजेन्सी के रूप में एकल मंत्रालय का गठन न होना।
- स्कूलों में निःशक्त बच्चों के दाखिले पर विशेष ध्यान न देना।
- समावेशीकरण और मुख्यधारा में लाने की लोगों में प्रतिबद्धता की भारी कमी का होना।
- सुविधाओं का प्रचार–प्रसार चरणबद्ध तरीके से नहीं करना।
- माता–पिता की भागीदारी सुनिश्चित नहीं करना।
- विशेष छूट का प्रावधान न होना।
- परीक्षा प्रणाली में अपेक्षित सुधार का नहीं होना।

**समावेशी शिक्षा सभी विद्यालयों के आवश्यक :**

वस्तुतः समावेशी शिक्षा को प्रभावी तरीके से विद्यालयों में क्रियान्वित करने के लिये निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखना अत्यन्त आवश्यक है –

- निःशक्त बच्चों के लिये समुचित परिवहन सुविधाएँ और समर्थ बनाने वाला माहौल उपलब्ध करवाये जाएँ।
- माता–पिता जिज्ञासु और शिक्षक निर्णय लेने वाले और वकील की भूमिका में पेश आएँ।
- अंतर्क्रियात्मक और मनोरंजक कक्षा चलवाये जाएँ।
- शैक्षिक भार कम करने के लिये लचीले पाठ्यक्रम का विकास किये जाएँ।
- लैंगिक और सामाजिक विभेदों का उन्मूलन हो।
- समुचित शिक्षण और अध्ययन–सामग्री का विकास किया जाए।
- विद्यालय पूर्व और प्राथमिक शिक्षा में अंतर्सम्बन्ध स्थापित किया जाए।
- सभी प्रकार के साधन–संसाधन का प्रावधान किया जाए।

### निष्कर्ष

अन्त में यही प्रतीत होता है कि समावेशी शिक्षा का रास्ता अख्तियार करना भले ही कठिन हो लेकिन इसे संभव बनाया जा सकता है। किसी ने सच ही कहा है कि –

"हम कई बार स्पर्श की शक्ति, एक मुस्कान, एक सुन्दर शब्द सुनने वाले कान, एक ईमानदार शुभेच्छा अथवा देखभाल की छोटी कोशिशों का कम आकलन करते हैं जबकि इन सबमें जीवन को बदल देने की असीम क्षमताएँ विद्यमान हैं।"

**संदर्भ –**


1) योजना, अप्रैल 2013
2) विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव – एनसीईआरटी
3) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा – 2005
4) अध्यापक साथी, जून 2009, एनसीटीई
5) योजना, अगस्त 2012


# शिक्षक बनने की सीढ़ी - सीटेट


**डॉ. धर्मेन्द्र कुमार**
सहायक प्राध्यापक


आज देश का शिक्षा परिदृश्य योग्य अध्यापकों की कमी से जूझ रहा है। ज्ञान आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार यदि देश को नॉलेज सोसायटी में बदलना है तो आने वाले सालों में देश में कई नई यूनिवर्सिटीज खोलनी होगी। जाहिर है इतनी बड़ी संख्या में स्कूल, कॉलेज खुलने पर बड़े पैमाने पर क्वालीफाइड टीचर्स की भी जरूरत होगी। आज इस फील्ड में अपार संभावनाएँ जन्म ले चुकी है। हमेशा से शिक्षण महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। आज के दौर में इसका महत्व और भी बढ़ चुका है। शिक्षा एक बेहतर जीवन की गारंटी है और शिक्षा की उत्कृष्ट गुणवत्ता के लिये जरूरी है अच्छे शिक्षकों का होना।

टीचिंग कैरियर कई आयाम ले चुका है। जहाँ कैरियर बनाने का अर्थ केवल स्कूल, कॉलेज में लेक्चरर या फिर बी0एड0 टीचर बनना ही नहीं है। बल्कि अब तो असंगठित टीचिंग सेक्टर भी दायरा बढ़ा रहा है। प्रतिभागी परीक्षाओं की कोचिंग्स, प्राइवेट ट्यूशन हो या फिर हो ऑनलाइन ट्यूशन सब इसी में आते हैं। तेज विस्तार के चलते देश के कई शहर "कोचिंग हब" के तौर पर मशहूर हो चले हैं।

किसी भी राष्ट्र का भविष्य का निर्माण विद्यालयों की कक्षाओं में होती है और उनके मेरूदण्ड शिक्षक ही होते हैं। इसलिये कोई सभ्य और शिष्ट समाज उनकी उपेक्षा और अनादर का जोखिम नहीं उठा सकता है। शिक्षक विद्यार्थी के जीवन में अहम भूमिका अदा करते है। एक शिक्षक जिस सांचे में विद्यार्थी को ढालता है, उसी तरह विद्यार्थी का जीवन होता है, इसलिए शिक्षक को विद्यार्थी का रोल मॉडल बनना होता है। सच में देश के भविष्य निर्माण के लिये नई पीढ़ी को तैयार करने में शिक्षक की भूमिका एक कुशल कुम्हार से कम नहीं है। लेकिन अगर कुम्हार निपुण नहीं है तो फिर गीली मिट्टी आकार कैसे लेगी। गीली मिट्टी से राम बना लो या रावण उसे फर्क नहीं पड़ता। इसकी कमान तो उस गुरू रूपी कुम्हार के हाथों में है जिसमें सृजन की विलक्षण प्रतिभा के प्रति प्यास रहे, पढ़ाने का जुनून रहे और जो विद्यार्थी के भविष्य निर्माण को अपना धर्म समझे।

**अध्यापक –** छात्रों को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान को प्रकाश की ओर ले जाता है और सभ्यता के दीपक को हमेशा प्रज्जवलित रखता है। अध्यापक समाज में ज्ञान का आलोक बिखेरता है और हजारों–लाखों चिरागों से रौशनी बाँटता है। यदि किसी राष्ट्र के अध्यापक तीसरी श्रेणी के हैं तो वह राष्ट्र स्वयं भी तीसरी श्रेणी का ही होगा और इसमें कोई सन्देह नहीं होना चाहिए कि यदि हम राष्ट्र को प्रथम श्रेणी का बनाना चाहते हैं तो हमारे अध्यापकों को भी प्रथम श्रेणी का बनना होगा।

**सीटेट –** सीटेट का विस्तृत रूप सेंट्रल टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये यूजीसी नेट की तर्ज पर की गयी इस पहल का शिक्षक से लेकर शिक्षा अधिकारी तक हर व्यक्ति तारीफ कर रहा है। उनका मानना है कि इससे शिक्षण को प्रोफेशन के रूप में लेने की प्रकृति में इजाफा होगा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रो0 डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार का मानना है कि सीबीएसई के इस फैसले से युवाओं में प्रारंभिक कक्षाओं से ही अध्यापन को एक कैरियर के रूप में देखने की संभावना होगी।

**जाने सीटेट को –** देश भर में स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं अब शिक्षक बनने के लिये सीटेट पास करना जरूरी होगा। यह कुछ हद तक यूजीसी के नेट परीक्षा की तरह ही होगा। एक बार टेस्ट पास करने के बाद इसका स्कोर प्रमाण पत्र 5 वर्षों के लिये मान्य होगा। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने सेंट्रल टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट की जिम्मेदारी सीबीएसई दिल्ली को सौपी है।

मुक्त एवं अनिवार्य शिक्षा कानून के मददेनजर शिक्षकों की पात्रता के लिये इसका आयोजन हो रहा है। यह केवल पात्रता का मापदंड होगा, न कि रोजगार की गारंटी। सामान्य वर्ग जाति को 60 प्रतिशत एवं पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व जनजाति को 55 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षकों को ही सीबीएसई प्रमाण पत्र देगा।

**योग्यता –** सीटेट सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिये परीक्षा में बैठने की कोई सीमा निर्धारित नहीं है यानि आप कितनी भी बार इस परीक्षा को दे सकते हैं। पहली से पांचवी तक के शिक्षक के लिये आवेदन करने वालों के पास दो वर्षीय एलिमेंट्री एजूकेशन व उसके समकक्ष डिग्री होनी चाहिए। छठी से आठवी तक के शिक्षक के लिये आवेदन करने वालों के दो वर्षीय एलिमेंट्री डिप्लोमा या 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी0एड0 पास होना अनिवार्य है।

**परीक्षा का पैटर्न –** पहली से आठवीं तक के शिक्षकों की पात्रता निर्धारित करने के लिये सीटेट किया जायेगा। टेस्ट में किसी प्रकार की निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। सभी प्रश्न एक नम्बर के होगें। उम्मीदवार अपना स्कोर सुधारने के लिये जब तक चाहे इस परीक्षा को दे सकते हैं।

### कहाँ पर काम करेंगे ये शिक्षक

1. सेंट्रल टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट पास करने वाले शिक्षक केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, तिब्बत स्कूल जैसे केन्द्र सरकार के स्कूलों में नौकरी करने के योग्य होगें।
2. संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दमन एवं दीव, दादर नगर हवेली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन विद्यालयों के लिये लागू होगा।
3. गैर सहायता प्राप्त प्राईवेट विद्यालय जो सीटीईटी के विकल्प पर विचार करना चाहते हैं, के लिये भी सीटीईटी लागू होगा।
4. राज्य सरकार स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित तथा स्वामित्व के विद्यालयों और सहायता प्राप्त विद्यालय राज्य सरकार द्वारा आयोजित टीईटी पर विचार करेंगे। तथापि, राज्य सरकार भी सीटीईटी पर विचार कर सकती है, यदि वह टीईटी आयोजित नहीं करने करने का निर्णय करती है।

### सही रणनीति से मिलेगी सफलता

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रो0 डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार का कहना है कि बाल विकास और शिक्षा शास्त्र के लिये अभिवृद्धि एवं विकास की अवस्थाएँ मानसिक स्वास्थ्य और अभिरूचि पियाजे कोहलवर्ग और मोटंस्की के सिद्धांत, लिंग, समावेशी शिक्षा आदि टॉपिक अच्छी तरह से तैयार करें। इसके अलावा शिक्षा से संबंधित अनुच्छेद, जवाहर नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना व उद्देश्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, राष्ट्रीय पाठ्यचार्या की रूप रेखा आदि से संबंधित अध्ययन अवश्य करें।

**हिन्दी** – हिन्दी में क्रमशः एक गद्य व पद्य, हिन्दी भाषा शिक्षण से संबंधित प्रश्न, भाषा विकास से संबंधित प्रश्न और व्याकरण के लगभग सभी भागों से प्रश्न पूछे जाते हैं।

**अंग्रेजी** – इसमें भी दो अपठित गद्य आते हैं, अंग्रेजी में वॉकेब्लरी को मजबूत बनाएँ, इसके अलावा पार्ट ऑफ स्पीच, टेंस, इंडियम्स, एंटोनिम्स, सिनोनिम्स, फीगर ऑफ स्पीच आदि टॉपिक अच्छी तरह से तैयार कर लें।

**गणित और विज्ञान** – अपनी भाषा में विज्ञान के लिये नोट्स बनाएँ, गणित के लिये निरंतर अभ्यास जरूरी है।

**सामाजिक अध्ययन** – इस हिस्से में इतिहास से सबसे अधिक प्रश्न आते हैं। इसके बाद भूगोल और राजनीति शास्त्र से सवाल पूछे जाते हैं।

### टाइम मैंनेजमेंट

इस परीक्षा में टाइम मैंनेजमेंट बेहद जरूरी है। अतः मॉडल पेपर लेकर ओ0 एम0 आर0 शीट पर निर्धारित समय में प्रश्नों को हल करने का अभ्यास करें। इससे सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा।

### परीक्षा के समय इन पर करें गौर

1. रिलेक्स होकर एग्जाम देने जाएँ।
2. टेंशन न लें, मेंटली पीसफुल रहें।
3. उत्तर के सर्कल को अच्छे से रंगे।
4. एक प्रश्न पर बहुत ज्यादा समय न बर्बाद करें।
5. अगर अंत में समय बचे, तो एक बार पूरा पेपर दोबारा देख लें।
6. शुरू से आखिरी तक तनाव रहित होकर धैर्य से परीक्षा दें, चाहे प्रश्न कितने भी कठिन लग रहे हो।
7. हर स्थिति में ऊर्जा के स्तर को बनाये रखना जरूरी है।

# आधुनिक शोधों में पैराडाइम की भूमिका

**डॉ. चौधरी प्रेम प्रकाश**
सहायक प्राध्यापक

वर्तमान समय में नित्य नये–नये आविष्कार हो रहे हैं, इससे शिक्षा जगत कैसे अछूती रह सकती है। शिक्षा जगत में भी आने वाले शैक्षिक समस्याओं को शोधकर्ताओं द्वारा कारगर निष्कर्ष निकाले जा रहे है। शैक्षिक अनुसंधान में सही ढ़ंग से निष्कर्ष तक पहुँचने में पैराडाइम अपनी अहम् भूमिका निवर्हन कर रही है। किसी शोधकर्ता को अपने अनुसंधान को सही ढ़ंग से निष्कर्ष तक पहुँचने के लिये यह आवश्यक है कि पैराडाइम की सही अवधारणा को समझ सके।

पैराडाइम किसी समस्या, उपकल्पना, विधियों, पद्धतियों, कार्यों, मान्यताओं आदि की रूपरेखा का समूह है। यह किसी समस्या से संबंधित निष्कर्षों तक पहुँचाने का मार्ग, ढाँचा या रूपरेखा है। यह रूपरेखा या ढाँचा बिल्कुल व्यवस्थित एवं क्रमबद्ध होती है। उल्लेखनीय है कि पैराडाइम एवं प्रतिमान दोनों समानार्थी दिखते है, किन्तु मूल्यों के कारण उनमें अन्तर दिखता है।

पैराडाइम किसी शोधकर्ता का एक फ्रेमवर्क या रूपरेखा है, जिसमें शोधकर्ता अपने शोधकार्य को नियोजित, व्यवस्थित, संगठित तथा निर्देशित कर निष्कर्षों तक पहुँचने का प्रयास करता है। क्रोनबैक किसी भी शोधकार्य के लिये पैराडाइम को आवश्यक मानते है। उनका मानना है कि किसी बाधा के सरल या सीधे प्रकार से इसके बिना निश्चित निष्कर्ष पर नहीं पहुँच सकने की बात स्वीकारी है। पैराडाइम प्रत्येक सिद्धांत की एक आधारशिला होती है। दूसरे शब्दों में किसी सिद्धांत को दर्शाता है तो उसके पीछे कोई न कोई पैराडाइम होता है।

थ्योडेरसन का मानना है कि पैराडाइम किसी भी शोधकर्ता के शोधकार्य को विश्लेषण करने का एक उपागम है तथा समस्या के संदर्भ में निष्कर्ष निकालने में सहायता करता है। पैराडाइम ही है, जो शोधकर्ता के शोधकार्य के दिशा एवं गति का निर्धारण करता है।

वर्तमान शिक्षण शोधों की उपयोगिता की अगर विश्लेषण किया जाय तो इसकी महती भूमिका को स्पष्टतः दर्शाया जा सकता है। जैसा कि अलग–अलग शोध समस्याओं के लिये अलग–अलग पैराडाइम होते हैं। इसकी सहायता से शोधों का सही ढंग से वर्गीकरण किया जा सकता है। पैराडाइम की सहायता से शोधकर्ता को समय एवं श्रम की बचत होती है। चूँकि यह शोधकर्ता को एक निश्चित, एक क्रमिक पद्धति देता है, जो शोधकर्ता को अपने विषय–वस्तु से हटने नहीं देता एवं स्पष्ट एवं सही निष्कर्ष तक पहुँचाता है। साथ ही इसकी सहायता से किसी समस्या क्षेत्र के लिये उपयुक्त विधियाँ प्रस्तावित किये जाने में मदद मिलती है। शोधकार्य में निष्कर्षों एवं परिणामों को प्रभावी रूप से निष्कर्षों के प्रस्तुतीकरण में तालिकाओं, ग्राफ, रेखाचित्र या तथ्यात्मक वर्णन के चयन में मदद मिलती है। यह शोध कार्य को क्रमिक एवं व्यवस्थित दर्शाता है। जिससे शोध के गुणात्मक एवं परिमाणात्मक पक्ष को अधिक विश्वसनीय बनाता है। यह किसी समस्या या घटना को एक विशेष शैली में प्रस्तुत करने में मदद करती है, जो पूर्व में नहीं हुआ हो। इसके अलावा तथ्यों की व्याख्या करने में समुचित प्रविधि के निर्धारण में मदद मिलती है, जिससे इसकी व्याख्या में सुगम, सरल एवं बोधगम्यता होती है। साथ ही यह सामाजिक विज्ञान से संबंधित शोधकार्यो को प्राकृतिक विज्ञान से संबंधित शोधकार्य के समकक्ष बनाने में सहायता करती है।

---

# पर्यावरण शिक्षा में भारतीय मूल्यों की भूमिका

**प्रो0 मृदुला भगत**
सहायक प्राध्यापक

अगर हम अपने देश के मूल्यों की बात करें तो हमें इस बात की जानकारी मिलती है कि हमारे मूल्य वनों के सुखद–सहज और मनमोहक वातावरण में ही विकसित हुए है। हमारी परम्परा में हमारी संस्कृति की जान है जहाँ न सिर्फ जीवित वस्तुओं को पूजा जाता रहा है बल्कि पत्थर को भी भगवान का दर्जा देकर उनकी पूजा की जाती है। विभिन्न प्रकार के पशुओं को चाहे वो पालतु पशु हो या जंगली उन्हें भी देवी–देवताओं से सम्बोधित किया जाता रहा है। पेड़–पौधों को पूजा जाता है। हिन्दू घर में आज भी तुलसी का पौधा आँगन में मुख्य स्थान पर स्थापित किया जाता है। किसी भी प्रकार की पूजा हो उसमें दूब, अक्षत, केले का फल, आम की पत्तियों, नारियल, जल, हल्दी एवं फूलों की अनिवार्य आवश्यकता होती है, इसके बिना हम पूजा की कल्पना ही नहीं कर सकते हैं। श्राद्ध पक्ष में कौओं की प्रतीक्षा और उनके लिये

पूर्वजों के नाम पर विभिन्न प्रकार के पकवानों का अर्पण, गर्मियों में पशु–पक्षियों के लिये चारे, दाने और पानी की व्यवस्था करना, ये हमारे भारतीय मूल्यों की विशेषताएँ ही तो हैं जिसके साये तले हम जिओ और जीने दो के मूलमंत्र को अपनाते हुए दुनिया के अन्य देशों को भी राह दिखाते हैं। अतिथि देवों भव वसुधैव कुटुम्बकम" इत्यादि विचार हमारे मूल्य है जो हमें एक ऐसे मार्ग पर ले जाते हैं जहाँ सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया की राह प्रशस्त करते हैं।

हम जानते है कि हमारी संस्कृति अरण्य संस्कृति रही है जहाँ हम अरण्य जैसी विविधता, सहिष्णुता, लोक कल्याण भाव एवं सह अस्तित्व से जुड़े रहे। हमारी संस्कृति और हमारे जीवन मूल्यों में शोषणवृति नहीं है और न ही आवश्यकता से अधिक संग्रह करने की लालसा। हमारा जीवन और जीवन मूल्य जड़ीभूत सम्प्रदाय से प्रेरित नहीं है बल्कि संवेदनशीलता आत्मीयता और अहिंसा हमारे व्यवहार का आवश्यक अंग है।

इसके विपरीत पाश्चात्य दृष्टि उपभोगवादी है जो प्रकृति पर अपना अधिकार जमाना चाहती है। इस वृति ने पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचाया है। हालाँकि हमारी वर्तमान पीढ़ी भी आज पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण कर रही है जिससे हम विभिन्न प्रकार की पर्यावरणी समस्याओं से ग्रसित हो रहे हैं। आज हमारे देश ने चारों तरफ प्रदूषण का बोलबाला है। पानी की कमी और जलवायु परिवर्तन हमारी मुख्य समस्या बनती जा रही है। बढ़ता तापमान हमारे अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। इस प्राकृतिक आपदा से सामना हमारे लिये निहायत ही जरूरी है जो सिर्फ और सिर्फ हमारे भारतीय मूल्यों को अपनाकर ही संभव हो सकता है।

पर्यावरण शिक्षा पर्यावरण के बारे में सम्पूर्ण रूप से दी जाने वाली शिक्षा है जिसके माध्यम से न सिर्फ पर्यावरण के बारे में जानकारी दी जाती है बल्कि उसके रख–रखाव एवं उसके विकास से सम्बंधित सारी बातों की जानकारी दी जाती है। इस संदर्भ में हमारा भारतीय मूल्य बहुत ही महत्वपूर्ण है जो हमें इस बात के लिये प्रेरित करता है कि प्रकृति के कण में परमात्मा का निवास है अतः हमें सबका सम्मान करना चाहिए। पृथ्वी के दूर घटक का संरक्षण, सुरक्षा एवं पुनर्जनन करना हमारा महत्वपूर्ण कर्त्तव्य है।

सद्भावना, सहिष्णुता, सदाचार, दूसरों के दुख से दुखी होना, सहयोग, त्याग, तपस्या, बलिदान, प्रकृति के जैविक तथा अजैविक तत्वों में दवेत्व का दर्शन हमारे ऐसे भारतीय मूल्य हैं जो हमें पग–पग पर शिक्षा प्रदान करती है और पर्यावरण के संरक्षण के लिये प्रेरित करती है।

आइये हम संकल्प ले कि हम भी अपने भावी पीढ़ियों को धरोहर के रूप में एक प्रदूषणमुक्त पर्यावरण को छोड़कर जाय ताकि वे भी खुशी–खुशी अपना जीवन निर्वाह कर सके।

इस कविता के माध्यम से हम भी कुछ संकल्प करें –

माँ – आज तुम्हारा जन्मदिन है, है खुशियों भरा त्योहार, बोलो बेटे/बिटिया क्या चाहिए, क्या दूँ तुम्हें उपहार ?

बेटा/बेटी – नहीं चाहिए सोना चाँदी, न धन दौलत की चाह, मुझको चाहिए केवल माँ, आपका आर्शीवाद।

माँ – बड़ों का आशीर्वाद सदा रहता छोटों के पास जल्दी बताओं क्या चाहिए क्या दूँ तुम्हें उपहार ?

बेटा/बेटी – प्रदूषण मुक्त गगन दे दो, प्रदूषण मुक्त चमन दे दो, भले ही न दो मुझको दूध भरी प्याली, हो सके तो दे दो माता, थोड़ी–सी हरियाली।

माँ – मैं हारी तुम जीते बेटा/बिटिया, मैं हारी तुम जीते

अपना वचन निभाऊँगी।

हरियाली को लौटाऊँगी तेरे जन्म दिन पर अब मैं जीवनरक्षक पेड़ लगाऊँगी।



# क्रियात्मक अनुसंधान

**प्रो. वागीश दुबे**
सहायक प्राध्यापक

**सारांश**

घटनाओं संबंधी उद्देश्यपूर्ण प्रश्नों के वैज्ञानिक रीति द्वारा विधिवत हल ढूँढनें के प्रयासों को ही अनुसंधान कहा जाता हैं। अनुसंधान एक प्रक्रिया है जिसमें अनेक प्रकार के तथ्यों का एकत्रीकरण तथा उनके विश्लेषण के आधार पर किसी समस्या का विश्वसनीय समाधान ज्ञात किया जाता है। अनुसंधान में प्रकृति के अनुसार पूछताछ, जाँच, गहन निरीक्षण व व्यापक परीक्षण, योजनाबद्ध अध्ययन, सोद्देश्य एवं तत्परतायुक्त समाधान निर्धारण आदि प्रक्रियाएँ महत्वपूर्ण हैं अर्थात अनुसंधान एक व्यवस्थित तथा सुनियोजित प्रक्रिया है। व्यावहारिक रुप में स्कूली अभ्यासों का सुधार व शिक्षक की सार्थकता बढ़ाना ही व्यावहारिक अनुसंधान का ध्येय होता है।

इस अनुसंधान कार्य से शिक्षकों के समक्ष उत्पन्न अधिकांश समस्याओं, नीति निर्धारकों व प्रशासनिक अधिकारियों की कठिनाईयों का निराकरण संभव हो पाता है। इस अनुसंधान को 'क्रियात्मक अनुसंधान' की संज्ञा भी दी जाती है। क्रियात्मक अनुसंधान की प्रक्रिया में छः सोपानो का अनुसरण किया जाता है – समस्या का चयन करना, परिकल्पना का प्रतिपादन करना, शोध की रुपरेखा तैयार करना, प्रदत्तों का संकल्प करना, प्रदत्तों का विश्लेषण करना और सामान्यीकरण तथा निष्कर्षों का प्रतिपादन करना।

समस्याओं के निकारण में वैज्ञानिक विधि के अपनाने का ही नाम अनुसंधान है। प्रायः 'अनुसंधान' 'वैज्ञानिक विधि' दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं। घटनाओं संबंधी उद्देश्यपूर्ण प्रश्नों के वैज्ञानिक रीति द्वारा विधिवत हल ढूँढनें के प्रयासों को ही अनुसंधान कहा जाता है। यह घटनाओं के नियंत्रित प्रेक्षण एवं उनके उद्देश्यपूर्ण, पक्षपात रहित और तार्किक विश्लेषण ही ऐसे सामान्य सिद्धांतों को जन्म देती है। अनुसंधान एक प्रक्रिया है जिसमें अनेक प्रकार के तथ्यों का एकीकरण तथा उनके विश्लेषण से ही ऐसे सामान्य सिद्धांतों से समस्या का विश्वसनीय समाधान ज्ञात किया जाता है। अनुसंधान में प्रकृति के अनुसार पूछताछ, जॉच, गहन निरीक्षण, व्यापक परीक्षण, योजनाबद्ध अध्ययन, सोद्देश्य एवं तत्परतायुक्त सामान्य निर्धारण आदि प्रक्रियाऍ महत्वपूर्ण हैं अर्थात अनुसंधान एक व्यवस्थित तथा सुनियोजित प्रकिया है। अनुसंधान की प्रक्रिया में निरीक्षण तत्व प्रमुख हैं जो सदैव क्रमबद्ध सोद्देश्य एवं सुनियोजित होता है। अनुसंधान एक तार्किक प्रक्रिया है जिसमें विशिष्टता और गहनता होती है यह केवल शाब्दिक तर्कों पर आधारित न होकर आँकड़ों की ठोस भूमि पर आधारित होती है।

**साधारणतय : अनुसंधान कार्य को –**

1. मौलिक अनुसंधान
2. व्यावहारिक अनुसंधान

दो वर्गों में बाँटा गया है। यह वर्गीकरण अनुसंधानकर्ता के सोचे गए लक्ष्य पर आधारित होता है। 'मौलिक' या 'व्यावहारिक' पद शिक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु अनुसंधान सीमा पर निर्भर करता है।

'व्यावहारिक' अनुसंधान का लक्ष्य तुरंत व्यावहारिक समस्या विशेष का निराकरण होता है। यह अनुसंधान कार्य किसी विद्यमान समस्या के उसकी वर्तमान व्यावहारिक परिस्थितियों में निराकरण हेतु किया जाता है। यह क्रिया समस्या के त्वरित समाधान पर बल देती है। व्यावहारिक अनुसंधान में भी परख की वैज्ञानिक विधि प्रयोग की जाती है। व्यावहारिक अनुसंधान में प्राप्त परिणामों का मूल्यांकन विश्वव्यापी वैधता के आधार पर न करके स्थानीय ग्राह्यता पर आधारित होता है। व्यावहारिक रूप में स्कूली अभ्यासों का सुधार व शिक्षक की सार्थकता बढ़ाना ही व्यावहारिक अनुसंधान का ध्येय होता है। इस अनुसंधान कार्य से शिक्षकों के समक्ष उत्पन्न अधिकांश समस्याओं, नीति निर्धारकों व प्रशासनिक अधिकारियों का निराकरण संभव हो पाता है। इस अनुसंधान को ''क्रियात्मक अनुसंधान'' की संज्ञा भी दी जाती है। कुछ व्यक्ति क्रियात्मक अनुसंधान को कक्षाओं तक ही सीमित मानते हैं।

## क्रियात्मक अनुसंधान (Action Research)

क्रियात्मक अनुसंधान एक प्रकार की अनुसंधान नीति है। इस शब्दावली के सृजनात्मक स्टीफन एम. कोरे हैं। क्रियात्मक अनुसंधान, व्यावहारिक या निर्णय अभिन्यासी अनुसंधान है जिसमें अनुसंधानकर्ता स्वयं निर्णय लेकर उन्हें लागू करता है। इस प्रकार क्रियात्मक अनुसंधान कार्य केवल शिक्षकों, अधीक्षकों व स्कूली प्रशासकों द्वारा कक्षाओं में उत्पन्न समस्याओं के निकारण व कक्षा–प्रणाली में सुधार की दृष्टि से किया जाता है। क्रियात्मक अनुसंधान नित्य की क्रियाओं में सुधार एवं विकास करने का प्रयास करता है।

## क्रियात्मक अनुसंधान की परिभाषाएँ (Definitions of Action Research)

कोरे 1953 के अनुसार, "क्रियात्मक अनुसंधान वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यावहारिक कार्यकर्ता वैज्ञानिक ढंग से अपनी समस्याओं का अध्ययन, अपने निर्णय और क्रियाओं से निर्देशन, सुधार और मूल्यांकन करते हैं।"

जॉर्ज मॉउली 1964 के अनुसार, "शिक्षक के समक्ष उपस्थित समस्याओं तत्काल समाधान चाहती है। इसलिए तात्कालिक समस्या समाधान के उद्देश्य से घटनास्थल पर किया गया अनुसंधान ही क्रियात्मक अनुसंधान कहलाता है।

जॉन डब्लू . बेस्ट 1977 के अनुसार, "क्रियात्मक अनुसंधान का तात्कालिक उपयोग किया जाता है, इसके द्वारा सिद्धांत का विकास नहीं किया जाता है, न हीं इसका सामान्य उपयोग किया जाता है। इसमें यहाँ और अभी की समस्या जो स्थानीय प्रकार की है, उस पर डाल दिया जाता है। इसके परिणामों का मूल्यांकन स्थानीय अनुप्रयोग के रूप में किया जाता है, न कि सार्वभौमिक वैधता के रूप में।"

उपर्युक्त परिभाषाओं के विश्लेषण के आधार पर कहा जा सकता है कि क्रियात्मक अनुसंधान वह अनुसंधान है जो तात्कालिक समस्या में निर्देशन, सुधार और मूल्यांकन करते हैं। इसके परिणामों का मूल्यांकन स्थानीय अनुप्रयोग के रूप में किया जाता है, न कि सार्वभौमिक वैधता के रूप में। इसके द्वारा किसी भी प्रकार के नियमों और सिद्धांतों का विकास और प्रतिपादन नहीं किया जाता है।

## शिक्षा में क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता (Need of Action Research In Education)

आज की परिवर्तन परिस्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में क्रियात्मक अनुसंधान की निम्नलिखित दृष्टि से आवश्यकता है–

1. वर्तमान में चल रही विद्यालयों की रूढ़िवादी क्रिया– पद्धति में सुधार एवं परिवर्तन करने के लिए ।
2. नवीन परिस्थितियों में बालकों के समायोजन की समस्याओं के अध्ययन तथा उनके लिए मार्ग ढूँढ़ने के लिए।
3. छात्रों के बहुमुखी विकास हेतु विद्यालय की क्रियाओं के प्रभावपूर्ण नियोजन के लिए।
4. शिक्षा द्वारा जनतांत्रिक मूल्यों के विकास का मार्ग प्रशस्त करने के लिए।
5. शिक्षकों के अंदर नैतिकता की भावना तथा आत्म–विश्वास के स्तर को उन्नत के लिए क्रियात्मक अनुसंधान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
6. शिक्षकों, प्राचार्य, निरीक्षक तथा पर्यवेक्षकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास करने के लिए भी क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता होती है।
7. विद्यालय और समाज के बीच की खाई को पाटने के लिए तथा उनके संबंधों में सुधार और विकास के लिए।
8. विद्यालयों के सामने उपस्थित शिक्षण–विधि अनुशासन पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाओं, विषय–वस्तु, प्रोन्नति, छात्रों की उपस्थिति, पुस्तकालय के उपयोग, परीक्षा में नकल करने आदि समस्याओं का विश्लेषण करने एवं उनका समाधान ढूँढने के लिए।

9. शिक्षा को सामाजिक मूल्यों के अनुसार बनाने में भी इसकी आवश्यकता होती है।

10. प्रत्येक क्षेत्र में छात्रों की उपलब्धि को विकसित करने के लिए।

11. विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के मध्य मजबूत तथा सुदृढ़ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भी क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता होती है।

12. शिक्षा में नवीन प्रगतिशील मूल्यों को समाहित करने में क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता है।

**क्रियात्मक अनुसंधान के उद्देश्य**

1. छात्रों के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए इसका उपयोग होता है।
2. विद्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार तथा विकास करना ।
3. छात्रों तथा शिक्षकों में प्रजातंत्र के मूल्यों का विकास करने में यह महत्वपूर्ण होते हैं।
4. विद्यालय के कार्यकर्ताओं, शिक्षक, प्रधानाचार्य, प्रबंधक तथा निरीक्षकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना।
5. विद्यालय के कार्यकर्ताओं में कार्य कौशल का विकास करना।
6. शैक्षिक प्रशासकों तथा प्रबंधकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली के सुधार तथा परिवर्तन के लिए सुझाव देना।
7. विद्यालयों को रूढ़िवादिता तथा यांत्रिक वातावरण में सुधार करना।
8. विद्यालय की कार्यप्रणाली को प्रभावशाली बनाना।
9. छात्रों के निष्पत्ति स्तर को ऊँचा उठाना।

**क्रियात्मक अनुसंधान के क्षेत्र –**

क्रियात्मक अनुसंधान एक विस्तृत क्षेत्र वाली अनुसंधान प्रणाली है। अतः इसके क्षेत्र भी विस्तृत हैं। इसके प्रमुख क्षेत्रों का विवरण निम्नलिखित है –

1. कक्षा–शिक्षण विधियों एवं युक्तियों में सुधार लाना।
2. शिक्षण में प्रयुक्त होने वाली सहायक सामग्री जिसकी उपयोगिता के संबंध में निर्णय लेने के लिए इसका प्रयोग करते हैं।
3. छात्रों की अभिरूचि, ध्यान, तत्परता तथा जिज्ञासा में वृद्धि के लिए इसका प्रयोग करते हैं।
4. शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों में दिए जाने वाले गृह–कार्यों की प्रणाली को प्रभावशाली बनाने के लिए इसका प्रयोग करते हैं।
5. छात्रों को अनुशासन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए इसे प्रयुक्त किया जाता है।
6. भाषा शिक्षण में वर्तनी तथा वाचन की समस्याओं के लिए भी क्रियात्मक अनुसंधान को प्रयुक्त किया जाता है।
7. छात्रों की अनुपस्थिति तथा विद्यालय में विलम्ब से आने की समस्याओं के समाधान में कार्य करते हैं।
8. छात्र की अनुपस्थिति तथा विद्यालय में विलम्ब से आने की समस्याओं तथा छात्रों में परस्पर आदान–प्रदान की समस्याओं के लिए प्रयुक्त करतें हैं।
9. परीक्षा में छात्रों के नकल करने की समस्याओं के समाधान में प्रयोग करते हैं।
10. विद्यालय के संगठन एवं प्रशासन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए प्रधानाचार्य क्रियात्मक अनुसंधान की सहायता लेते हैं।

**क्रियात्मक अनुसंधान के सोपान**

क्रियात्मक अनुसंधान की प्रक्रिया में छःसोपानो का अनुसरण किया जाता है जो इस प्रकार से है –

1. समस्या का चयन करना
2. परिकल्पना का प्रतिपादन करना
3. शोध की रूप रेखा तैयार करना
4. प्रदत्तों का संकलन करना
5. प्रदत्तों का विश्लेषण करना
6. सामान्यीकरण तथा निष्कर्षों का प्रतिपादन करना

**उपरोक्त सोपानों का विवरण निम्नलिखित तरीके से किया जा रहा है–**

**1. समस्या का चयन करना –** इसमें सर्वप्रथम समस्या के क्षेत्र का पहचान किया जाता है। इसके लिए शिक्षक अपनी क्रियाओं के प्रति संवेदनशील होते हैं तभी उन्हें समस्या और उसके क्षेत्र की अनुभूति हो सकती है। जिज्ञासु शिक्षकों में ही समस्या चयन करने की क्षमता होती है, जैसे – कक्षा में छात्र अनुपस्थित क्यों रहते हैं ? छात्र विलम्ब से क्यों आते हैं? आदि। समस्याओं के रूप को निश्चित करने के लिए परिभाषित एवं सीमांकन किया जाता है। परिभाषीकरण में समस्या के तत्वों का विश्लेषण करके उसका रूप निश्चित कर लिया जाता है। सीमांकन संबंधित समस्या का स्थानीयकरण हो जाता है। इससे समस्या के समाधान के लिए निश्चित दिशा मिलती है। समस्या के चयन में कुछ मानदण्डों को भी प्रयुक्त किया जाता है जैसे – समस्या की नवीनता, न्यादर्श का चयन, प्रदत्त तथा विधि उपलब्ध हो, मितव्ययी हो, अनुसंधानकर्ता की पहुँच के अंतर्गत हो।

**2. परिकल्पना का प्रतिपादन करना –** एक अनुसंधानकर्ता समस्या का चयन करने के पश्चात उसके संभावित समाधान देने का प्रयास करता है। समस्या से संभावित समाधान ही परिकल्पनाओं का निर्माण करते हैं। क्रियात्मक परिकल्पनाओं का स्त्रोत समस्याओं के कारणों का विश्लेषण होता है। क्रियात्मक परिकल्पना के दो पक्ष होते हैं – 1. क्रियात्मक पक्ष 2. लक्ष्य पक्ष ।

एक अच्छी क्रियात्मक परिकल्पना में दोनों का समावेश होता है।

**3. शोध की रूपरेखा तैयार करना –** क्रियात्मक परिकल्पना समस्या का संभावित समाधान होता है। इनकी पुष्टि के लिए रूपरेखा तैयार की जाती है। एक समस्या में एक ही क्रियात्मक परिकल्पना की पुष्टि की जाती है। रूपरेखा का स्वरूप निश्चित करता है अपितु अनुसंधानकर्ता अपनी सुविधा अनुसार उसका स्वरूप निर्धारित करता है। अनुसंधानकर्ता आवश्यकता अनुसार रूपरेखा बदल लेता है। क्रियात्मक अनुसंधान की रूपरेखा अधिक लचीली होती है । इसमें प्रदत्तों के संकलन के लिए परीक्षाओं का चयन किया जाता है।

**4. प्रदत्तों का संकलन करना –** क्रियात्मक अनुसंधान की रूपरेखा के संपादन के समय अनुसंधानकर्ता अपने निरीक्षण के आधार पर प्रदत्तों का संकलन करता है और अंत में छात्रों को परीक्षण भी करता है। ये परीक्षाएँ शिक्षक निर्मित होती है। प्रमाणित परीक्षाओं को भी प्रयुक्त किया जाता है। निरीक्षण प्रविधि का प्रयोग अधिक किया जाता है। प्रशासन के बाद इनका अंकन किया जाता है और उपलब्ध प्रदत्तों की व्यवस्था की जाती है।

**5. प्रदत्तों का विश्लेषण करना –** संकलित प्रदत्त अर्थहीन होते हैं। इसलिए सांख्यिकीय प्रविधियों को संयुक्त किया जाता है। प्रतिशत, ग्राफ आदि का प्रयोग अधिक होता है इन विश्लेषणों से परिकल्पना के संबंध में निर्णय लिया जाता है। यदि एक परिकल्पना की पुष्टि नही हो तब दूसरी परिकल्पना का सत्यापन किया जाता है।

**6. सामान्यीकरण तथा निष्कर्षो का प्रतिपादन करना –** इसमें प्रदत्तों के विश्लेषण के परिणामों के आधार पर निष्कर्षो का प्रतिपादन किया जाता है यह निष्कर्ष नवीन ज्ञान की वृद्धि नहीं करता है अपितु उन क्रियाओं की ओर संकेत करते हैं जिससें समस्या का समाधान किया जा सकता है निष्कर्ष सैद्धांतिक के बजाय व्यावहारिक रूप में होता है क्योंकि इनके आाधार पर क्रियाओं में सुधार तथा परिवर्तन लाया जा सकता है। शिक्षक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए क्रियात्मक अनुसंधान का प्रयोग करता है, निष्कर्ष का प्रयोग शिक्षक स्वयं अपनी समस्या के सुधार में केवल उसी वर्ष कर सकता है क्योंकि प्रत्येक वर्ष समस्यायें बदलती रहती है।

**क्रियात्मक अनुसंधान के गुण –**

1. क्रियात्मक अनुसंधान एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक अवस्था में समस्या के समाधान का वास्तविकता के साथ घनिष्ठ संबंध होता है।
2. क्रियात्मक अनुसंधान का उपयोग मुख्यतः शिक्षकों, पर्यवेक्षकों तथा प्रशासकों के द्वारा अपने निर्णय तथा कार्यो में सुधार के लिए किया जाता है।
3. इसके अंतर्गत समस्या का तात्कालिक समाधान किया जाता है, इसके कारण से इसकी व्यावहारिकता अधिक होती है।
4. इसमें न्यादर्श, उपकरण तथा सांख्यकीय तकनीकी का उपयोग अनुसंधानकर्ता अपनी अनुसंधान के सामर्थ्य तथा उपलब्ध सुविधाओं के अनुरूप ही करता है।
5. परिणामों की पुष्टि तथा जाँच की क्रियात्मक अनुसंधान में आवश्यकता नही होती, क्योंकि इनकी उपयोगिता प्रयोग के प्रयोज्यों तक ही सीमित रहती है।
6. क्रियात्मक अनुसंधान का उद्देश्य मात्र सामान्यीकरण करना नही होता है।
7. क्रियात्मक अनुसंधान में बाहरी परिवर्तनों की आवश्यकता नहीं होती है।

**क्रियात्मक अनुसंधान के दोष–**

क्रियात्मक अनुसंधान में अनेक गुणों के साथ ही साथ कुछ दोष / सीमाएँ भी होती है, जो निम्नलिखित है –

1. अनुसंधान में कभी–कभी तकनीकी ज्ञान के अभाव में अनुसंधानकर्ता अपनी मूल समस्या से दूर हो जाते हैं तथा उनकी शक्ति व्यर्थ के तथ्यों की ओर मुड़ जाती है।
2. क्रियात्मक अनुसंधान प्रायः अध्यापकों, पर्यवेक्षकों एवं प्रशासकों द्वारा सम्पादित किये जाते हैं, इन्हें मुख्यतः तकनीकी ज्ञान प्राप्त नहीं होता है इस कारण से इनके अनुसंधान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण समाहित नहीं होती है।
3. क्रियात्मक अनुसंधान के परिणामों का सामान्यीकरण नहीं किया जा सकता, इस कारण से किसी विद्यालय अथवा कक्षा की समस्या पर किये गये अनुसंधान के परिणामों को अन्य विद्यालय अथवा कक्षा के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता।
4. प्रायः अनुसंधानकर्ता प्रयोज्यों के प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं। अतः वे उनसे पूर्वाग्रह रख सकते हैं तथा साक्षात्कार के समय उनकी प्रतिक्रियाओं के साथ गलत व्यवहार अथवा विश्लेषण कर सकते हैं।
5. अध्यापक प्रायः अपने अध्यापन कार्य तथा शासन द्वारा आवंटित अन्य कार्य, जैसे – जनगणना, चुनाव पशुगणना तथा राशन कार्ड बनाना इत्यादि कार्यो में व्यस्त रहते हैं, इस कारण वे अनुसंधान में पूर्ण सक्रियता के साथ अपना ध्यान केन्द्रित नहीं कर पातें हैं।
6. परिणामों में विश्वसनीयता और वैधता का अभाव पाया जाता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. कौल, लोकेश (2009), ''शैक्षिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली'', विकास पब्लिशिंग हाऊस प्रा०लि०, नई दिल्ली, पृष्ठ सं०–21–22.
2. बेस्ट, जॉन डब्लू (दसवाँ संस्करण 2008) ''रिसर्च इन एडूकेशन'', प्रैंटिस हॉल ऑफ इंडिया लिमिटेड – नई दिल्ली ,पृष्ठ सं०–21
3. पाण्डेय, आलोक कुमार एवं वर्मा, बी०एस०(2011) ''शैक्षिक अनुसंधान विधियाँ'', साहिंत्य प्रकाशन– आगरा, पृष्ठ सं०–94–101
4. मंगल, अंशु, बरौलिया ए० एवं अग्रवाल, नीतू, दुबे श्रीकृष्ण (2009) ''शैक्षिक अनुसंधान की विधियाँ एवं शैक्षिक सांख्यिकी'', राधा प्रकाशन मंदिर – आगरा, पृष्ठ सं०–225–243
5. शर्मा, आर०ए० (2006), ''शिक्षा अनुसंधान'', आर०लाल बुक डिपो– पृष्ठ सं०–41–53
6. सिंह, अरूण कुमार (2005), ''मनोविज्ञान,समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ'', नरेन्द्र प्रकाश जैन मोतीलाल बनारसी दास– दिल्ली।
7. सिंह, रामपाल एवं शर्मा ओ०पी० (2009), ''शैक्षिक अनुसंधान एवं सांख्यिकी'' श्री विनोद पुस्तक मंदिर – आगरा–2 पृष्ठ सं०–28–60

# सीखने की कला

**प्रो. उदय प्रताप राव**

सहायक प्राध्यापक

अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से वार्तालाप करते हुए मुझे ऐसा लगता है कि बढ़ती विपदाओं एवं समस्याओं से घिरे इस संसार में एक पूर्णतया भिन्न प्रकार की नैतिकता, आचरण और कर्म जो जीवन की समस्त प्रक्रिया की समझ पर आधारित हो – हमारी एक तत्काल आवश्यकता बन गई है। हम अक्सर इस समस्याओं का समाधान राजनैतिक एवं संगठनात्मक पद्धतियों, आर्थिक फेरबदल और कई तरह के सुधारों के जरिये करने की कोशिश करते हैं। इस प्रकार की कोशिश से मानवीय मूल्यों का संवर्धन, संरक्षण तथा हस्तान्तरण क्षणिक होता है। इनमें से किसी भी माध्यम से मानव जीवन की जटिल कठिनाइयों का कभी समाधान नहीं होगा। यद्यपि उनसे कुछ समय के लिये राहत मिल सकती है। सभी सुधार चाहे वह कितने ही व्यापक क्यों न हो, आगे चलकर उलझनों को बढ़ाते हैं और नये–नये सुधारों की जरूरत खड़ी होती ही रहती है। मनुष्य के संपूर्ण जटिल अस्तित्व को समझे बिना किया गया कोई भी सुधार आगे और अंतहीन सुधारों कूपमड्डूप माँग ही पैदा करेगा। सुधार का कोई अन्त नहीं है और इसमें कोई मौलिक समाधान भी होने वाला नहीं है।

राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक क्रांतियों में भी इसका हल नहीं है, क्योंकि इनसे या तो भयावह अत्याचारी तानाशाही का जन्म हुआ है या फिर शासन एवं सत्ता का किसी अन्य समूह के हाथों हस्तांतरण ही हुआ है। ऐसी क्रांतियाँ कभी भी अव्यवस्था एवं संघर्ष को समाप्त नहीं कर सकती।

किन्तु एक ऐसी भी क्रांति है जो सर्वथा भिन्न है और यदि हमें चिन्ता, संघर्ष तथा निराशा के अंतहीन सिलसिले से उबरना है जिसकी दलदल में हम धंसे हुए हैं तो ऐसी क्रांति लाजमी है। ऐसी क्रांति मत–सिद्धांतों के बल पर नहीं होती, जो कि अंततः अर्थहीन ही सिद्ध होते हैं, बल्कि उसकी शुरूआत मन के भीतर ही आमूल परिवर्तन लाने से होती है। वह क्रांति केवल सही शिक्षा तथा मानव के समग्र विकास द्वारा ही लायी जा सकती है। ऐसी क्रांति महज विचारों

में नहीं, बल्कि संपूर्ण मनोचित में होती है। विचार आखिरकार परिणाम मात्र है, मूल नहीं और परिणाम में नहीं अपितु स्वयं मूलस्त्रोत में ही परिवर्तन होना है। हम लोग अभी तक केवल परिणामों में, लक्षणों में ही उलझे हुए हैं। हम लोग वह बुनियादी बदलाव नहीं ला पा रहे है जिससे आदतों, परंपराओं तथा विचारों की पुरानी पद्धतियों का उन्मूलन हो सके। हमारा सरोकार इसी आमूल परिवर्तन से है और केवल सही शिक्षा ही उसे ला पाने में सक्षम हैं।

खोजबीन करना और सीखना ही मन का कार्य है। सीखने का मतलब मात्र स्मृति के संवर्धन और जानकारी के संग्रह से नहीं बल्कि ऐसे चिन्तन की क्षमता से है जो सुस्पष्ट, समझदारी भरा एवं भ्रांतिरहित हो, विश्वासों एवं आदर्शों पर नहीं वरन् तथ्यों पर आधारित हो। जहाँ विचार निष्कर्षों से आते हैं वहाँ सीखना होता ही नहीं। मात्र सूचना या जानकारी का संग्रह सीखना नहीं है। सीखने का अभिप्राय है समझने की चाह, कार्य करने की इच्छा तथा उसी कार्य के अनुरूप लगन व विश्वास। सीखना तो केवल तभी संभव होता है जब किसी भी प्रकार की जोर जबरदस्ती न हो और यह जोर–जबरदस्ती क्या अलग–अलग रूप बदल कर नहीं आती ? कभी प्रभाव के रूप में तो कभी आसक्ति या धमकी के रूप में, कभी बहलाने–फुसलाने के तौर पर हो कभी सूक्ष्म तरीकों से पुरस्कारों का लोभ दिखाकर ?

बहुत से लोग सोचते है कि तुलना करने से सीखने को प्रोत्साहन मिलता है, किन्तु तथ्य इसके बिल्कुल विपरीत है। तुलना से निराशा आती है और मात्र ईर्ष्या को बढ़ावा मिलता है जिसे कि प्रतिस्पर्धा कहा जाता है। अन्य प्रेरणा के दूसरे रूपों की तरह तुलना भी सीखने की क्रिया में बाधक होती है और वह भय को जन्म देती है। महत्त्वाकांक्षा से भय पनपता है। महत्वाकांक्षा, चाहे व्यक्तिगत हो या सामूहिक वह सदा समाज विरोधी ही होती है। संबंधों में तथाकथित उदान्त महत्वाकांक्षा ही मूलतः विनाशकारी ही होती है।

यह आवश्यक है कि अच्छे मन के विकास को प्रोत्साहित किया जाय, ऐसा मन जो जीवन के तमाम पहलुओं से पूरी तरह निपटने में सक्षम हो और उनसे भागे नहीं क्योंकि पलायन से तो वह मन अंतर्विरोध, निराशा, कटुता और चिड़चिड़ेपन का शिकार हो जायेगा और यह भी आवश्यक है कि वह मन स्वयं अपनी संस्कारबद्धता के प्रति अपनी अभिलाषाओं एवं उद्देश्यों के प्रति सजग रहे।

हमारा मुख्य प्रयोग एक अच्छे मन के विकास से है, इसलिये इसका बहुत महत्व हो जाता है कि शिक्षक पढ़ाता कैसे है? शिक्षक का प्रारंभिक उद्देश्य मन की समग्रता का संवर्धन है, न कि मात्र जानकारी प्रदान करना। जानकारी प्रदान करते हुए उसे वार्तालाप और संवाद को बढ़ावा देना होगा और इसी तरह खोज बीन तथा स्वतंत्र चिन्तन के लिये विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना होगा।

सीखने की प्रक्रिया में किसी सता–प्रमाण्य के लिये जानकारियों के सिंहासन पर आरूढ़ व्यक्ति के लिये कोई स्थान नहीं है। शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही एक विशेष संबंध में जीते है और साथ ही साथ सीखते है, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि शिक्षक विचार की तरतीबबद्धता व स्पष्टता की उपेक्षा करें। यह स्पष्टता मात्र ज्ञान के विध्यात्मक, निश्चयात्मक वक्तव्यों पर आधारित अनुशासन से नहीं आती किन्तु यह तब सहज ही आ जाती है जब शिक्षक यह समझ ले कि प्रज्ञा और सूझ–बूझ को बढ़ावा देने के लिये स्वतंत्रता का माहौल लाजमी है। स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि आपको जो अच्छा लगे उसे करें या परस्पर विरोध की भावना से ही सोचें। बात उस स्वतंत्रता की हो रही है जिसमें विद्यार्थी के रोजमर्रा के व्यवहार व सोच–विचार मे प्रकट हो रहे उसके अपने ही आवेशों और प्रयोजनों के प्रति सजग होने में उसकी मदद की जाती है।



# शिक्षा में निर्देशन एवं परामर्श का महत्त्व

**प्रो. सौरभ शर्मा**
सहायक प्राध्यापक

शिक्षा बालक के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण होती है। परन्तु पुरानी शिक्षा पद्धति बालक के सम्पूर्ण विकास में अपना पूर्णतः योगदान देने में असमर्थ है। इसलिये इन कमियों को दूर करने के लिये वर्तमान शिक्षा पद्धति अपना पूर्ण योगदान दे रही है।

आधुनिक शिक्षा द्वारा आज शिक्षा के मार्ग में आने वाली सभी समस्याओं को दूर किया जा रहा है। जिससे बालक एवं शिक्षा दोनों अपने उद्देश्यों एवं लक्ष्य की प्राप्ति कर पा रहे हैं। आज के आधुनिक युग में समाज भौतिक उन्नति करता जा रहा है वही समाज जटिल भी होता जा रहा है। इन जटिलताओं के कारण विद्यार्थी (छात्र/छात्रायें) को सामाजिक स्वास्थ्य तथा चारित्रिक सम्बंधी आयामों में स्वयं निर्णय लेने में भ्रम होता जा रहा है। जिसके कारण वे शिक्षा ग्रहण करने के लिये विषयों का चयन भी ठीक ढ़ंग से नहीं कर पा रहे हैं।

आधुनिक शिक्षा पद्धति में निर्देशों एवं परामर्श जैसे नये आयामों को जोड़ा गया है। जिसके द्वारा बालकों (विद्यार्थियों) की समस्याओं को जानकर फिर उनका निराकरण करके उसे विकास के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा रहा है। निर्देशन एवं परामर्श द्वारा बालकों में उनकी छिपी योग्यताओं, रूचियों एवं क्षमताओं को विकसित करने में सहायता मिल रही है। निर्देशन एवं परामर्श का मुख्य उद्देश्य यह है कि बालक इस योग्य बन जाए जिससे वह विभिन्न परिस्थितियों में अपनी समस्याओं का इस प्रकार समाधान करने योग्य हो जाये कि वह स्वयं का तथा समाज का अधिक हित कर सके।

निर्देशन किसी भी समस्या का समाधान स्वयं नहीं करता है बल्कि व्यक्ति को ही समस्या का समाधान करने योग्य बनाता है।

परामर्श में व्यक्तिगत रूप में व्यक्तिगत शैक्षिक व्यावसायिक समस्याओं में सहायता प्रदान करना है। परामर्श की प्रक्रिया में परामर्शदाता तथा दूसरा परामर्श प्रार्थी होता हैं। परामर्श प्राप्त करने वाले को सुझाव देकर अपनी समस्या का समाधान करने योग्य बनाने से पूर्व, परामर्शदाता का प्रशिक्षित होना अति आवश्यक होता है। साथ ही दोनों के बीच विचार–विमर्श होना भी आवश्यक होता है।

**निष्कर्ष –** निर्देशन व परामर्श प्रक्रिया के अध्ययन करने से यह समझ आता है कि दोनों में एक–दूसरे से बहुत गहरा सम्बंध है।

# डॉ० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचार

**प्रो. मनीष कुमार पासवान**
सहायक प्राध्यापक

**सामान्य परिचय –** भारतीय विचारकों, चिंतको और शिक्षा शास्त्रियों की इसी श्रृंखला में महान चिंतक, दार्शनिक, वैज्ञानिक व पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम का नाम आदर से लिया जाता है। रामेश्वरम (तमिलनाडू) के अल्प अब्दुल कलाम का व्यक्तिगत जीवन संघर्ष से भरा रहा है। वे गरीब परिवार से थे, उनके स्कूल की फीस देने के लिये उनके माता–पिता मछुआरों को नाव किराए पर देते थे। परिवार में सबसे छोटे होने के कारण इन्हें बड़े लाड़ प्यार से पाला गया। वे बचपन से ही अन्तर्मुखी स्वभाव के तथा पढ़ने में ज्यादा रूचि रखने वाले लड़के थे। किन्तु जिस माहौल में उनका लालन पालन हुआ वहाँ किताबें बहुत कम थी वे अपनी पड़ोसी की लाइब्रेरी में जाकर घण्टों पढ़ा करते थे। शुरूआत में उन्हें शाकाहारी रहने का फैसला किया जो की आर्थिक तंगी की वजह से था लेकिन बाद में उन्होंने इसे अपनी आदत बना लिया।

**कलाम का कहना है** – कि ईमानदारी तथा स्वअनुशासन का सबक उन्हें अपने पिता जी से सीखने को मिला, जबकि अच्छाई में विश्वास और दयालुता इत्यादि गुण उन्हें अपनी माता से सीखने को मिला। उन्होंने अपने स्कूल की पढ़ाई ''स्मियार'' से शुरू की और रामेश्वर केश्वाईज हाई स्कूल में आगे की पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने तिरूची के सेंट जोसेफ कॉलेज में अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की, उसके बाद मद्रास इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से उन्होंने एरोनोटिकल इन्जीनियरिंग में डिप्लोमा किया। 1958 में इन्होंने डिफैन्स रिसर्च डेवलपमेन्ट ऑरगानाइजेशन (डी0आर0डी0ओ0) में दाखिल लिया और रक्षा वैज्ञानिक के रूप में ख्याति अर्जित की उनकी अद्वितीय उपलब्धि के लिये उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''भारतरत्न'' से सम्मानित किया गया। देश के रक्षा शोध एवं विकास कार्यक्रमों के मुखिया के रूप में उन्होंने प्रायः बंद से पड़े शोध प्रतिष्ठानों को एक नई गति दी तथा उनमें नई ऊर्जा का संचार किया। अपनी उपलब्धियों का श्रेय वह अपने शिक्षकों और अपने पथ प्रदर्शकों को देते है।

**अध्ययन का औचित्य** – आज के युग में चरित्र, नैतिकता, बन्धुत्व समानता मानवीय मूल्य ये सारे शब्द इतिहास बनते जा रहे है इनके अर्थ बदल गये हैं। चारों तरफ एक ऐसे माहौल का निर्माण हो गया है जहाँ मानवता चित्कार कर रही है। ऐसी परिस्थिति में गहन चिन्तन एवं मनन के पश्चात् एक रास्ता दिखाई देता है और वह है ''शिक्षा''। शिक्षा ही वह माध्यम है जो हम मानव को विशेष दिशा प्रदान कर सकती है। इसको ध्यान में रखकर शिक्षा शास्त्रियों पर नजर डाले तो समन्वित विचार धारा का एक व्यक्तित्व दृष्टिगत होता है और वह व्यक्तित्व और कोई नहीं हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम है। डॉ0 कलाम एक बहुत ही साधारण जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति थे। मुस्लिम होते हुए भी उन्हें भारत के दूसरे धर्म मूल्यों का अच्छा ज्ञान था। संस्कृत के श्लोक उन्हें कण्ठस्थ थे।

एक अद्भूत व्यक्तित्व एक साधारण जीवन व्यतीत करना एक प्रेरणात्म बात है। निःसंदेह उनका यह सादा जीवन बहुत आकर्षित करता है। मूलतः एक वैज्ञानिक होते हुए भी उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। इनके शिक्षा दर्शन के विचारों की केवल हमें ही नहीं वरन् सम्पूर्ण भारत के शिक्षा जगत को आवश्यकता है। शिक्षा के विभिन्न पक्षों से संबंधित डॉ0 कलाम के विचार निम्न हैं –

**शैक्षिक प्रशासन** – शैक्षिक प्रशासन करने वाले व्यक्ति कोई भी कदम उठाने से पूर्व हर बात की हर स्तर पर सावधानी से जाँच करने वाला और तीक्ष्ण दृष्टि से गलती होने का पता लगाने वाला होना चाहिए। उनमें लचीलापन संभावनाओं के साथ पढ़ने की क्षमता, सभी संभव विकल्प तलाशने का धैर्य, नई परिस्थितियों में पुराने सिद्धांतों, नियमों से काम लेने की सूझबूझ व आगे बढ़ने के लिये अपना रास्ता तैयार करने का कौशल होना चाहिए।

**शिक्षक** – शिक्षकों को डॉ0 कलाम बच्चों के आदर्श के रूप में स्वीकार करते हैं ताकि बच्चे उनका सम्मान करें। शिक्षकों को विद्यार्थियों के भीतर छिपी शक्ति एवं योग्यता का आभास कराना चाहिए और उन्हें करने के लिये उत्साहित करना चाहिए। शिक्षकों को कभी इन बच्चों के दिमाग में सामाजिक असमानता एवं साम्प्रदायिकता का विष नहीं घोलना चाहिए।

**विद्यार्थी** – विद्यार्थियों के सन्दर्भ में डॉ0 कलाम कहते हैं कि हमारे विद्यार्थियों को ऊँचे सपने देखने चाहिए। उन्हें लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। वे उनसे अपनी पढ़ाई को नजर अंदाज किए बिना भ्रष्टाचार को दूर करने की बात करते हैं जिससे कि अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाया जा सके।

**पाठ्यचर्या** – पाठ्यचर्या के सन्दर्भ में डॉ0 कलाम ज्ञान बढ़ाने के लिये कला और विज्ञान विषयों के साथ–साथ मानव मूल्य को भी समाहित करने की बात करते हैं जिससे शिक्षा की सम्पूर्णता हासिल की जा सके। संस्कृत साहित्य को हमारे पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि यह साहित्य वैज्ञानिक सिद्धान्तों विधियों का भण्डार है। इसमें विमान कैसे बनाएँ जैसे विषय पर भी सामग्री उपलब्ध है। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होना चाहिए ताकि बच्चों की सृजनात्मकता को बढ़ाया जा सके।

**शिक्षा में अवसरों की समानता** – शिक्षा में अवसरों की समानता को लेकर डॉ0 कलाम के विचार है कि राज्य सरकारे, विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थाएँ शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करे और प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाएँ। गुणवत्ता में कमी लाए बिना शिक्षा की लागत में कमी की जानी चाहिए जिससे सभी को समान रूप से शिक्षा प्रदान की जा सके।

**साक्षरता** – देश की साक्षरता का स्तर ऊँचा हो सके और हम एक विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ सके। इस हेतु वे प्रत्येक विद्यार्थी को छुट्टियों वाले दिनों में गाँव जाये और दो व्यक्तियों की निरक्षता को दूर करने में योगदान दे और वे कहते हैं की इस पहल से साक्षरता में वृद्धि होगी।

इस प्रकार डॉ0 कलाम के शैक्षिक विचारों को सभी दृष्टिकोणों से देखने पर यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान शिक्षा जगत की जो समस्याएँ विद्यमान है उनका निवारण किया जा सकता है जो शिक्षा जगत के लिये एक महत्वपूर्ण योगदान होगा।

# LIFE SKILLS APPROACH TO TEACHER EDUCATION

**Prof. Mohit Kumar Tiwari**
Assistant Professor

## INTRODUCTION

Everywhere, education is seen as the main way of enabling individuals and nations alike to meet the ever increasing economic, technological, social and personal challenges. We expect teacher education to prepare young teachers for the schools and for economic independence; to enable them to live constructively in responsible communities; and to enable them to live in a tolerant, culturally diverse and rapidly changing society. Perhaps above all, we expect teacher education to help student teachers to build lives that have meaning and purpose in a future we can scarcely predict. This has lead to re-organizing of the education systems all over the world so that they provide not only high standards of academic qualifications, including literacy and innumeracy but also inculcate skills such as creativity, communication, empathy, adaptability, and social skills, all of which are being increasingly emphasized by employers and others in the global society. More so, in this age of information explosion teacher education systems face the ever increasing challenge of providing skills to acquire and process information as it is neither possible to provide children with all the information available, nor is it possible to predict what knowledge would be required 20 years from now, hence the focus on skills. The system of education in India is largely confined to the coverage of the prescribed syllabi the contents of which are mostly knowledge based, and thus provide only the basic level of education, advocating rote learning. This type of learning may at best result in acquiring knowledge of facts and concepts, but is not directly related to the immediate life of the learners or to their future needs. Therefore, there is a concern that the precious years of schooling should be optimally used for developing skills, attitudes and values essential for effective living and working.

It is envisaged that in the changed educational process in terms of the concerns mentioned above, the learning, while continuing around the traditional school subjects, namely, language(s), mathematics, science, social sciences, art and aesthetics, work experience, health and physical education, should move beyond mere acquisition of knowledge of concepts and facts of these subjects. Though the textbooks may continue to remain the principal source of teaching-learning, the activities the methodology incorporated in the chapters should be skill oriented as opposed to provision of knowledge only. This paradigm shift in the school education will mean that teacher will take care that learning of children is not limited to mere memorization of information contained in the textbooks, thus requiring a changed approach to the preparation of teachers.

***If you born poor its not your mistake***
***But if you die poor its your mistake.***

## TEACHER EDUCATION

It is well known that the quality and extent of learner achievement are determined primarily by teacher competence, sensitivity and teacher motivation. The National Council for Teacher Education has defined teacher education as – A programme of education, research and training of persons to teach from pre-primary to higher education level. Teacher education is a programme that is related to the development of teacher proficiency and competence that would enable and empower the teacher to meet the requirements of the profession and face the challenges therein. According to Goods Dictionary of Education Teacher education means, all the formal and non-formal activities and experiences that help to qualify a person to assume responsibilities of a member of the educational profession or to discharge his responsibilities more effectively. In 1906-1956, the program of teacher preparation was called teacher training. It prepared teachers as mechanics or technicians. It had narrower goals with its focus being only on skill training. The perspective of teacher education was therefore very narrow and its scope was limited. As W.H. Kilpatric put it, Training is given to animals and circus performers, while education is to human beings.

Teacher education encompasses teaching skills, sound pedagogical theory and professional skills. Teacher Education = Teaching Skills + Pedagogical theory + Professional skills.

## LIFE SKILLS

Life skills mean those essential skills developed through a higher order thinking, that enable a person to perform effectively in his or her life, and thus become a socially acceptable and successful person.

## MAJOR SKILLS

Communication skills, information gathering skills, critical thinking, creativity, empathy.

## SUB SKILLS

Effective speaking, active listening, observation, understanding body language, giving and receiving feedback, assertion skills, emotional control, self awareness, analysis, synthesis, challenging facts, assessing information and consequences of actions, awareness about one's strengths and weaknesses, developing cause and effect relationship, anti-stereotyping, imagination, positive thinking skills, conflict management skills, managing peer pressure, tolerance, identification of, and acting on rights, justice and responsibilities, generating alternatives, asking questions, reading, memory.

## SOCIAL NORMS

Every society has a set of rules by which it expects its citizens to abide and live by. This enables us to socially adjust ourselves for better living and working and enables a society to function in a more harmonious manner. It is therefore important that these social norms become part our teaching so that child not only start to recognize but begin to practice them at an early age. More so this is one of the objectives of education which parents regard as of utmost importance. When asked about what they would like to see in the children, reply in terms of social skills like good behavior, respect of elders, be able to differentiate between the good and bad, adopt social values like speaking truth, refrain from lying.

## UNDERSTANDING LIFE SKILLS – A TEACHER'S PROSPECTIVE

Life skills have been defined as "the abilities for adaptive and positive behaviour that enable individuals to deal effectively with the demands and challenges of everyday life" (WHO).

'Adaptive' means that a person is flexible in approach and is able to adjust in different circumstances. 'Positive behaviour' implies that a person is forward looking and even in difficult situations, can find a ray of hope and opportunities to find solutions. The terms 'Livelihood skills' or occupational/vocational skills refer to capabilities, resources and opportunities to pursue individual and household economic goals and relate to income generation. Thus, Life skills are distinct from livelihood skills.

**KEY LIFE SKILLS**

Life skills include psycho social competencies and interpersonal skills that help people make informed decisions, solve problems, think critically and creatively, communicate effectively, build healthy relationships, empathize with others, and cope with managing their lives in a healthy and productive manner. Essentially, there are two kinds of skills - those related to thinking termed as "thinking skills"; and skills related to dealing with others termed as "social skills". While thinking skills relate to reflection at a personal level, social skills include interpersonal skills and do not necessarily depend on logical thinking. It is the combination of these two types of skills that are needed for achieving assertive behaviour and negotiating effectively. "Emotional" can be perceived as a skill not only in making rational decisions but also in being able to make others agree to one's point of view. To do that, coming to terms first with oneself is important. Thus, self management is an important skill including managing/coping with feelings, emotions, stress and resisting peer and family pressure. Young people as advocates need both thinking and social skills for consensus building and advocacy on issues of concern.

The Ten core Life Skills as laid down by WHO are:

1. Self-awareness
2. Empathy
3. Critical thinking
4. Creative thinking
5. Decision making
6. Problem Solving
7. Effective communication
8. Interpersonal relationship
9. Coping with stress
10. Coping with emotion

**Self-awareness** includes recognition of 'self', our character, our strengths and weaknesses, desires and dislikes. Developing self-awareness can help us to recognize when we are stressed or feel under pressure. It is often a prerequisite to effective communication and interpersonal relations, as well as for developing empathy with others.

**Empathy -** To have a successful relationship with our loved ones and society at large, we need to understand and care about other peoples' needs, desires and feelings. Empathy is the ability to imagine what life is like for another person. Without empathy, our communication with others will amount to one-way traffic. Worst, we will be acting and behaving according to our self-interest and are bound to run into problems. No man is an island, no woman either! We grow up in relationships with many people – parents, brothers and sisters, cousins, uncles and aunts, classmates, friends and neighbours.

Empathy can help us to accept others, who may be very different from ourselves. This can improve social interactions, especially, in situations of ethnic or cultural diversity.

Empathy can also help to encourage nurturing behaviour towards people in need of care and assistance, or tolerance, as is the case with AIDS sufferers, or people with mental disorders, who may be stigmatized and ostracized by the very people they depend upon for support.

**Critical thinking** is an ability to analyze information and experiences in an objective manner. Critical thinking can contribute to health by helping us to recognize and assess the factors that influence attitudes and behaviour, such as values, peer pressure and the media.

**Creative thinking** is a novel way of seeing or doing things that is characteristic of four components – fluency (generating new ideas), flexibility (shifting perspective easily), originality (conceiving of something new), and elaboration (building on other ideas).

**Decision making** helps us to deal constructively with decisions about our lives. This can have consequences for health. It can teach people how to actively make decisions about their actions in relation to healthy assessment of different options and, what effects these different decisions are likely to have.

**Problem solving** helps us to deal constructively with problems in our lives. Significant problems that are left unresolved can cause mental stress and give rise to accompanying physical strain.

**Interpersonal relationship skills** help us to relate in positive ways with the people we interact with. This may mean being able to make and keep friendly relationships, which can be of great importance to our mental and social well-being. It may mean keeping, good relations with family members, which are an important source of social support. It may also mean being able to end relationships constructively.

**Effective communication** means that we are able to express ourselves, both verbally and non-verbally, in ways that are appropriate to our cultures and situations. This means being able to express opinions and desires, and also needs and fears. And it may mean being able to ask for advice and help in a time of need.

**Coping with stress** means recognizing the sources of stress in our lives, recognizing how this affects us, and acting in ways that help us control our levels of stress, by changing our environment or lifestyle and learning how to relax.

**Coping with emotions** means involving recognizing emotions within us and others, being aware of how emotions influence behaviour and being able to respond to emotions appropriately. Intense emotions like anger or sadness can have negative effects on our health if we do not respond appropriately.

**Different methods that can be used to enhance Life Skills in students**

There is specially some particular skill and involves all or some of the following techniques :

Class discussions Brainstorming

Demonstration and guided practice Role plays

Audio and visual activities, e.g., arts, music, theater, dance Small groups Educational games and simulations Case studies

Story telling Debates Decision mapping or problem trees

The host of factors that promote high risk behaviour such as alcoholism, drug abuse and casual relationships are boredom, rebellion, disorientation, peer pressure and curiosity. The psychological push factors such as the inability to tackle emotional pain, conflicts, frustrations and anxieties about the future are often the driving force for high risk behaviour. Life skills training is an efficacious tool for empowering the youth to act responsibly, take initiative and take control. It is based on the assumption that when young people are able to rise above emotional impasses arising from daily conflicts, entangled relationships and peer pressure, they are less likely to resort to anti social or high risk behaviours. In the field of teacher education approach of life skills can make the student teachers a better citizen and can deals challenges of their daily life in a better way and it would be very helpful to prepare destiny of India in the classrooms.

***I read, I forget, I discuss, I remember, I do, I inculcate.***

**References :**


1. Arora, G.L. (2002) Teachers and Their Teaching Delhi, Ravi Books.
2. Chaurasia Gulab (2000) Teacher Education and Professional Organizations Delhi, Authors press.
3. Dillon Justin and Maguire Meg (1997) Becoming A Teacher: Issues in Secondary Teaching Buckingham, Open University Press.
4. Dunking, Michael, J. (1987) The International Encyclopedia of Teaching and Teacher Education Oxford, Pergamon Press.
5. Elahi, Nizam (1997) Teacher's Education in India New Delhi, APH Publishing Corporation.
6. National Council for Teacher Education (NCTE) (1998) NCTE Document New Delhi, Published by Member Secretary, NCTE.
7. Central Board of Secondary Education (CBSE) Document New Delhi, Life skills Education and CCE Published by CBSE.

# शिक्षक–अभिभावक संघ की महत्ता विद्यालय के परिप्रेक्ष्य में

**सुरेश सिंह**
पुस्तकालयाध्यक्ष

विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिये शिक्षकों और अभिभावकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः छात्रों के समुचित विकास के लिये विद्यालय तथा अभिभावक का परस्पर सहयोग होना अति आवश्यक है। विद्यालय अपने उत्तरदायित्वों का सम्यक निर्वहन तभी कर सकेगा जब शिक्षकों और अभिभावकों में अच्छे सम्बंध हो, क्योंकि कहा भी जाता है कि बालक एक चौथाई शिक्षा शिक्षकों से, एक चौथाई स्वयं एवं आधी शिक्षा अपने माता–पिता या अभिभावकों से ग्रहण करता है। इस दृष्टि से भी अभिभावकों से शिक्षा और उनकी गुणवत्ता के विकास हेतु सहयोग लेना अत्यन्त आवश्यक है। अतः शिक्षक–अभिभावक संघ की स्थापना तथा संचालन किसी भी विद्यालय के लिये अनिवार्य ही नहीं बल्कि परिहार्य आवश्यकता होनी चाहिए। जिन विद्यालयों में शिक्षक–अभिभावक संघ व्यवस्था को क्रियान्वित रूप दिया गया है, वहाँ इसके अच्छे परिणाम आए हैं।

अध्यापक के सम्पर्क में छात्र केवल पाँच–छः घंटे ही रहते हैं और वह भी वर्ष के पाँच–छः महीने ही। छात्रों का शेष समय घर पर ही व्यतीत होता है। अतः आवश्यकता है कि विद्यालय और घर के जीवन को एक सम्मिलित ईकाई के रूप में परिणत किया जाए। कोई भी विद्यालय पूर्ण रूप से प्रगति के मार्ग पर तब तक अग्रसर नहीं हो सकता, जब तक छात्रों के संरक्षक (अभिभावक) विद्यालय के कार्यों में रूचि नहीं रखें और अपने छात्रों के विकास के लिये प्रयत्न नहीं करे। इसलिये कहा जाता है कि ''गृह–विद्यालय सहयोग अभिभावक और विद्यालय के मध्य द्वितीय यातायात है।'' यह तभी प्रभावपूर्ण हो सकता जब अभिभावक यह जानने का पूरा प्रयास करे कि उनके बच्चों का क्रियाकलाप विद्यालय में कैसा है ?

इसके बदले में विद्यालय भी यह ध्यान रखे कि अभिभावक के छात्र घर पर किस प्रकार का जीवन व्यतीत करते हैं। छात्रों को अच्छी तरह समझने के लिये यह आवश्यक है कि शिक्षक उसके संबंध में उनके अभिभावको से सम्पर्क स्थापित करें। शिक्षक यह चाहते हैं कि छात्र निर्धारित समय पर प्रतिदिन विद्यालय आएँ। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए शिक्षक अभिभावकों से सहयोग चाहते हैं। शिक्षक यह भी चाहते हैं कि अभिभावक इस संदर्भ में सहायता करें कि उसके छात्र विद्यालय के नियमों के अनुसार कार्य करें। दूसरी ओर अभिभावक भी शिक्षकों से समय–समय पर छात्र की प्रगति के बारे में जानना चाहते हैं। वे चाहते हैं कोई समस्या उत्पन्न होने के पूर्व ही उन्हें सूचना दी जाए ताकि वे सुधार के उपाय सोच सके। वे चाहते हैं कि विद्यालय उनके बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिये प्रयत्न करें।

बहुधा अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजना ऐसा ही समझते हैं जैसे निकटतम पत्र पेटी में पत्र डलवा देना और उसके पश्चात् अपने को समस्त उत्तरादायित्व से मुक्त समझना। अधिकांश अभिभावक तो यह समझते हैं कि उनका कर्तव्य केवल नामांकन फीस देना है।

वे यह जानने की चिन्ता नहीं करते कि उनके छात्र प्रतिदिन समय पर विद्यालय जाते हैं या नहीं। परन्तु अवसर निकालकर विद्यालय की टीका–टिप्पणी तथा शिक्षकों की आलोचना बढ़ा–चढ़ाकर करने में नहीं चूकते।

खेद का विषय है कि अधिकांश अभिभावक जागरूक नहीं है। अतः इसके लिये कारगर कदम उठाने होगें। विद्यालय में छात्र जब नामांकन ले तो उस समय प्रधानाचार्य इस बात पर बल दें कि अभिभावक भी विद्यालय में स्वयं और समय–समय पर शिक्षकों से मिलकर छात्र की प्रगति के बारे में पूछताछ करते रहे। अभिभावकों से सम्पर्क स्थापित करने में छात्र का प्रगतिपत्र भी सहायक होता है। इस प्रगतिपत्र में छात्र

के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, शैक्षिक अनुशासन और नैतिक विकास का भी विवरण होना चाहिए। जो छात्र विद्यालय में देर से आते हैं अथवा कक्षा में अनुपस्थित रहते हैं या विद्यालय का कार्य ठीक से नहीं करते या विद्यालय के नियमों को ठीक से पालन नहीं करते, उनके बारे में अभिभावकों को प्रगति पत्र के माध्यम से अवश्य सूचना देनी चाहिए। अभिभावकों से अनुरोध करें कि विद्यालय के इस कार्य में सहायता करें। जब कभी अभिभावक विद्यालय में आएँ तो उनके साथ स्नेह और उदारता का व्यवहार करना चाहिए। विद्यालय में समय–समय पर होने वाले उत्सवों पर छात्रों के अभिभावकों को अवश्य आमंत्रित किया जाना चाहिए।

शिक्षक–अभिभावक संबंध को मधुर और प्रगाढ़ बनाने के लिये महाविद्यालय में वर्ष में दो बार इसकी बैठक हो और प्रत्येक वर्ष अभिभावक दिवस मनाया जाए। उस दिन आधे दिन के लिये दैनिक शिक्षण कार्य चलता रहे। अभिभावकों को कक्षा–कार्य से अवगत कराया जाए। इस दिन शिक्षक और अभिभावक प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में अपने विचारों का आदान प्रदान करें। इसके अतिरिक्त दोनों पक्ष परस्पर बैठकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक, अनुशासनहीनता, कक्षा से पलायन और छोटी मोटी चोरियों जैसी समस्याओं पर विचार विनिमय करेगें। इस अवसर पर सत्र में शत–प्रतिशत वर्ग में उपस्थिति, विभिन्न कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने और आकर्षक वस्तुओं के निर्माण हेतु पुरस्कार वितरण अभिभावकों के समक्ष किए जाएँ। इससे छात्रों में सृजनात्मक और रचनात्मक कार्य करने की प्रवृत्ति जागृत होगी। इसके अतिरिक्त कभी–कभी शिक्षकों और अभिभावकों के मध्य खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाना चाहिए। इससे संघ के उद्देश्यों की पूर्ति में सहयोग प्राप्त होगा। शैक्षिक कार्यक्रम को सफल संचालन के लिये अभिभावकों को भी परामर्श समिति में प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए। अभिभावकों द्वारा दिए गए अच्छे सुझावों का अनुपालन अवश्य किया जाए।

शिक्षक–अभिभावक संघ की सफलता के लिये प्रधानाचार्य की विशेष भूमिका होती है। प्रधानाचार्य ही प्रायः शिक्षक–अभिभावक संघ के प्रधान होते हैं। यदि अभिभावक विद्यालय के किसी कार्य की आलोचना भी करते हैं तो इस आलोचना के समाधान के लिये उसका सहयोग लिया जाना चाहिए। उन्हें विद्यालय तथा शिक्षकों की सीमाओं से परिचित कराया जाए। प्रधानाचार्य का कर्त्तव्य है कि अभिभावक दिवस के अवसर पर प्रत्येक कार्यविधि पर सम्यक् ध्यान दें। शिक्षक–अभिभावक संघ की बैठकों में विद्यालय द्वारा किए गए विभिन्न क्रियाकलापों, विद्यालय की प्रगति, पुरानी तथा नयी योजनाओं तथा अन्य परिस्थितियों पर प्रधानाचार्य पूर्णरूप से प्रकाश डालें। निःसंदेह विद्यालय–अभिभावक संघ विद्यालय की प्रगति का दस्तावेज बनेगा।



# पहेलियाँ

1. देश की मशाल था वह,
भारत माँ का लाल था वह,
अंग्रेजों को थर्राने वाला,
हँस कर फाँसी पर चढ़ जाने वाला।



2. अंग्रेजों के हाथ न आया,
भारत का वह वीर कहलाया।
उसे मात्र आजादी प्यारी,
अन्तिम गोली स्वयं को मारी।



3. टेंक लकड़ी चलता,
तोड़ा नमक कानून।
एक मात्र सवार था मुझ पर,
भारत आजादी का जुनून।



4. छोटी जाति में पैदा हुआ,
कहते है मुझको बाबा।
संविधान निर्माता हूँ,
दिल्ली मेरा काशी।



उत्तर : 1. सरदार भगत सिंह 2. चन्द्रशेखर आजाद 3. महात्मा गाँधी 4.बाबा भीमराव अम्बेडकर



**प्रो0 मनीष कुमार पासवान**
**सहायक प्राध्यापक**



# माँ मुझे इस दुनिया में आने तो दे

प्रकृति की देन हूँ मैं,
ईश्वर की हूँ मैं एक कला।
अभी बनी भी नहीं पूरी मैं,
भगवान को मुझे पूरा बनाने तो दे,
माँ मुझे इस दुनिया में आने तो दे।

नहीं बनूँग बोझ तेरे सर का,
बेटा बन कर दिखाऊँगी इस घर का।
कुछ कर दिखाने की हिम्मत जुटाने तो दे,
माँ मुझे इस दुनिया में आने तो दे।

किसे हक है मुझे मारने का,
मेरे अरमानों को यूँ जिन्दा गाड़ने का।
तू भी किसी की बेटी है,
अपने आप को बेटी की माँ कहलाने तो दे,
माँ मुझे इस दुनिया में आने तो दे।

भगवान की बनी एक कली हूँ मैं,
तेरी बेटी बनकर मिलने आई हूँ तुझे।
तू ही साँसे छीनना चाहती है मुझसे
अभी पूरी तरह मुझमें साँस आने तो दे,
माँ मुझे इस दुनिया में आने तो दे।

**प्रो0 मनीष कुमार पासवान**
**सहायक प्राध्यापक**



# प्यारे चन्दा मामा

दूर गगन में घर बनवाकर
हमें अजब जादू दिखलाते
कभी तो आधी रोटी लगते
कभी प्यारे काजू बन जाते।

कभी चमकते गोल–गोल से
कभी कहीं गायब हो जाते
तरह–तरह का रूप बनाकर
चन्दा मामा खूब छकाते।

तुम पूनम के चाँद कहाते
जब होते हो पूरे गोल
चारों ओर उजाला करते
लगे रात जैसे हो भोर।

और अमावस आते ही तुम
खेल दिखाते ऐसा जोर
आसमान की बत्ती गुलकर
छुप जाते जाने किस ओर

तुम धरती की जान हो मामा
आसमान की शान हो मामा
सारे तारे दोस्त तुम्हारे
बच्चों की पहचान हो मामा

**रूपा कुमारी**
821, 2017–19

# SUCCESS

Success is a journey.
It is not a destiny.
Success is achieved.
It is not received.
The path of success is
Full of difficulties.
The great barriers of success
is the failure, fearness,
But If you have ignorance
Then get confidence
These are the things,
Which give you wings,
To fly so high,
In the sky,
So, forget the fearness
To achieve the success.




**Prof. Manish Kumar Paswan**
**Asst. Prof.**

# DISCOVER A HERO WITHIN YOURSELF

The word "Hero" when heard, what comes to your mind ? Designer dresses, style, action swag !!! Do you think that a person has the above possession or real heroes? Have you ever thought, that there is a hero within ourselves? The answer is there is a hero within yourself, the only thing is to generate some simple qualities and deeds and add to some feather to the cap of our personality. In this article I am not going to narrate anything new. I just want to remind you the innate qualities which you already have which you just to manifest. A real hero is not the person who leaps over tall buildings, fights, shows ferocious stunts, wear designer hats and boots. Lets recall certain qualities which we already has. Generating simple but great qualities. Helping needy. Keeping the surrounding clean, respecting your culture, feeling of patriotism. There are several thing what we need is to conquer our fear. The first step of the journey of discovering the hero is often the most difficult because we are often too paralyzed by our fears. The courage to embark. One the hero understands illusions, he or she is no longer afraid to act since they know that the resources will be unlocked once the first step is taken.

